रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 368] नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 16, 2015/कार्तिक 25, 1937
No. 368] NEW DELHI, MONDAY, NOVEMBER 16, 2015/ KARTIKA 25, 1937

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण
अधिसूचना

मुंबई, 10 नवंबर, 2015

सं. टीएएमपी/18/2015-जेएनपीटी.—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48, 49 एवं 50 के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण, एतद् द्वारा संलग्न आदेशानुसार जवाहरलाल नेहरु पत्तन न्यास(जेएनपीटी) में, पीपीपी पद्धति के आधार पर अतिरिक्त लिक्विड बल्क टर्मिनल (एएलबीटी) के विकास के लिए संदर्भ प्रशुल्क निर्धारण हेतु जवाहरलाल नेहरु पत्तन न्यास(जेएनपीटी) से प्राप्त प्रस्ताव का निपटान करता है।

महापत्तन प्रशुल्क पत्तन प्राधिकरण

मामला संख्या टीएएमपी/18/2015-जेएनपीटी

जवाहरलाल नेहरु पत्तन न्यास - - - आवेदक

कोरम

(i) श्री.एस बालसुब्रमनियन,सदस्य (वित्त**)**

(ii**)** श्री चन्द्र भान सिंह**,** सदस्य (आर्थिक)

आदेश

(**सितंबर**, **2015 के बाइसवें दिन पारित**)

यह मामला जवाहरलाल नेहरु पत्तन न्यास पर पीपीपी पद्धति के आधार पर अतिरिक्त लिक्विड बल्क टर्मिनल(एएलबीटी) के विकास हेतु संदर्भ प्रशुल्क निर्धारण के लिए जवाहरलाल नेहरु पत्तन न्यास से प्राप्त प्रस्ताव से संबंधित है ।

2.1. इस प्राधिकरण द्वारा 31 दिसंबर 2013 को, जेएनपीटी पर अतिरिक्त लिक्विड बल्क टर्मिनल(एएलबीटी) के विकास हेतु प्रशुल्क निर्धारण के लिए जेएनपीटी से प्राप्त प्रस्ताव पर एक आदेश पारित किया गया था। यह आदेश, भारत के राजपत्र में राजपत्र सं 38 के अंतर्गत, 3 फरवरी, 2014 को अधिसूचित किया गया था।

2.2. इस कथित आदेश के माध्यम से क्रूड आयल, पेट्रोलियम आयल और लुब्रीकेंट्स (पीओएल) तथा अन्य तरल कार्गो के प्रहस्तन हेतु, 10.98 एमएमटीपीए की कुल इष्टतम क्षमता वाली दो बर्थो के लिक्विड बल्क टर्मिनल के विकास के लिए सदर्भ प्रशुल्क का निर्धारण किया गया था।

3.1 इस परिप्रेक्ष्य में, जेएनपीटी के 12 मार्च 2015 के पत्र के अंतर्गत जेएनपीटी के द्वारा परियोजना की पुन: संरचना का निर्णय लिए जाने का कारण बताते हुए पीपीपी पद्धति के अंतर्गत जेएनपीटी पर लिक्विड बल्क टर्मिनल के लिए प्रशुल्क निर्धारण हेतु पुन: एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। जेएनपीटी द्वारा उनके 12 मार्च 2015 के प्रस्ताव के मुख्य बिंदुओं का सारांश नीचे दिया जाता है:

(i) संदर्भ प्रशुल्क निर्धारण दिशानिर्देश 2013 के अंतर्गत अक्तूबर 2013 में अतिरिक्त लिक्विड बल्क टर्मिनल के लिए संदर्भ प्रशुल्क के निर्धारण के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर प्राधिकरण् द्वारा 31 दिसंबर 2013 को एक आदेश जारी किया गया था, जो भारत के राजपत्र में 03 फरवरी 2014 को राजपत्र सं 38 पर अधिसूचित किया गया था।

(ii) तत्पश्चात पत्तन द्वारा अनुभवी बोलीकारों को 'आरएफक्यू' जारी किए गए थे। तथापि बोलीकारों से प्राप्त जानकारी के आधार पर परियोजना की पुन: संरचना करने का निर्णय लिया गया।

(iii) आवागमन (कार्गो के) के लिए पुन: अध्ययन किया गया तथा पाया गया कि पत्तन को 6 बर्थो की अपेक्षा केवल दो बर्थें ही बनानी होंगी। इसलिए परियोजना की लागत कम हो गई है।

(iv) तदनुसार, दिशानिर्देश 2013 के अनुसार परियोजना की संशोधित संरचना के अनुसार अपफ्रंट प्रशुल्क निकालना आवश्यक समझा गया है।

(v) जेएनपीटी पर कार्गो आवागमन की क्षमता के आकलन के लिए विस्तृत अध्ययन किया गया तथा पाया गया कि जेएनपीटी में कार्गो आवागमन में मुख्यत: पीओएल उत्पादन व कच्चे तेल का आवागमन ही होता है।

(vi) सुविधा की योजना बनाते समय यह माना गया है कि मौजूदा बीपीसीएल जेट्टी पर अपनी 55 एमएमटीपीए की प्रहस्तन क्षमता का स्वरुप वही रहेगा तथा अतिरिक्त टर्मिलनों पर अतिरिक्त आवागमन किया जाएगा। अत: यह निर्णय लिया गया है कि परियोजना के केवल 'फेस 1-क' पर दो लिक्विड कार्गो जेट्टियों का विकास कार्य किया जाए।

(vii) प्रशुल्क, निम्न वर्गो के लिए प्रस्तावित है :-

(क) बर्थ भाड़ा प्रभार।
(ख) कार्गो प्रहस्तन प्रभार ।
(ग) भंडारण प्रभार ।

3.2 तत्पश्चात मामले में आगे की कार्रवाई के लिए विस्तृत विवरण देने के लिए हमारे 16 मार्च 2015 के अंतर्गत किए गए अनुरोध पर जेएनपीटी द्वारा उनके 17 मार्च 2015 के पत्र द्वारा व्यवहार्यता रिपोर्ट, प्रयोक्ता सूची/शार्टलिस्टिड

बोलीकार/प्रत्याशी आवेदकों के पते व फोन संपर्क विवरण और प्रस्तावित संदर्भ प्रशुल्क, दरमान तथा दरमान लागू करने की शर्तों सहित, ब्यौरा दिया गया है।

3.3. निर्धारित परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार जेएनपीटी के प्रस्ताव दिनांक 12 मार्च 2015 और 17 मार्च 2015 दोनों की एक एक प्रति उपयोक्ता/उपयोक्ता संगठनों और प्रत्याशी आवेदकों को (जेएनपीटी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार) हमारे 24 मार्च 2015 के पत्र के माध्यम से भेजी गई तथा उनसे 03 अप्रैल 2015 तक टिप्पणियां मांगी गईं। इस मामले में प्राधिकरण के कार्यालय में 08 अप्रैल 2015 को एक संयुक्त सुनवाई बैठक भी आयोजित करने का निश्चय किया गया। जेएनपीटी के 12 मार्च, 2015 तथा 17 मार्च 2015 के प्रस्तावों के विवरणों का इस आदेश के उत्तरवर्ती भाग में बयौरा दिया गया है।

3.4. इसी दौरान जेएनपीटी ने अपने 30 मार्च के पत्र में उल्लेख किया है कि आंतरिक सोच-विचार के बाद उसने 12 मार्च तथा 17 मार्च 2015 के प्रस्तावों को संशोधित करने का निर्णय लिया है और तदनुसार जेएनपीटी ने इस प्राधिकरण को संशोधित प्रस्ताव पुन: प्रस्तुत करने के समय तक मौजूदा प्रस्ताव पर कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया है। ऐसी स्थिति में 08 अप्रैल 2015 को आयोजित की जाने वाली संयुक्त सुनवाई-बैठक रद्द कर दी गई ।

3.5. इसी दौरान जेएनपीटी द्वारा संशोधित नये प्रस्ताव तैयार करते समय ध्यान देने योग्य बातों की एक सूची हमारे 01 अप्रैल 2015 के पत्र के अंतर्गत जेएनपीटी को जारी की गई है। जेएनपीटी ने अपने पत्र दिनांक 13 अप्रैल 2015 में पत्र के अंतर्गत हमारे द्वारा उठाए गए मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है । हमारे द्वारा उठाए गए मुद्दों बिंदुओं तथा उन पर जेएनपीटी के उत्तर का विवरण नीचे तालिकाबद्ध दिये गये हैं :

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>हमारे प्रश्न</th><th>जेएनपीटी के उत्तर</th></tr>
<tr><td>(i)</td><td>प्रशुल्क दिशानिर्देश-2013 के खंड 2.2 के अनुसार, प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 के अंतर्गत संबंधित पत्तन न्यास में उस वस्तु के लिए निर्धारित किया गया उच्चतम प्रशुल्क, संदर्भ प्रशुल्क होगा और यदि उस महापत्तन न्यास पर उस वस्तु के लिए कोई प्रशुल्क नियत नहीं किया गया है या उस महापत्तन न्यास में विशेष रुप से निर्धारित प्रशुल्क, नई प्रस्तावित योजनागत प्रस्ताव का प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो संबंधित महापत्तन न्यास, दिशानिर्देश 2008 के अंतर्गत किसी अन्य महापत्तन न्यास में निर्धारित प्रशुल्क का प्रस्ताव प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है जो उस का पर्याप्त रुप से प्रतिनिधित्व करता हो और उसके लिए महापत्तन न्यास उससे संबंधित विस्तृत और पर्याप्त औचित्य भी दे । साथ-साथ प्रशुल्क दिशानिर्देश – 2013 के खंड 2.4 में उल्लेख है कि यदि उस महापत्तन न्यास के विचार से उस पर या किसी अन्य महापत्तन न्यास पर, उस वस्तु विशेष के लिए प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 के अंतर्गत प्रतिनिधित्व करने वाला कोई संदर्भ प्रशुल्क निर्धारित नहीं है तो वह महापत्तन, उस परियोजना से संबंधित विस्तृत विवरण और औचित्य बताते हुए, 2008 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के अनुसार संदर्भ प्रशुल्क का निर्धारण संबंधी, प्राधिकरण को अनुरोध करने के लिए,</td><td>दिसम्बर, 2013 के प्रशुल्क प्रहस्तन में देखा गया है कि फेस-1 में 2 बर्थ और फेस-II में आवागमन के मद्देनजर अतिरिक्त बर्थे बनाई जाएंगी । तदनुसार 6 बर्थो के कार्गो के प्रहस्तन के लिए, भंडारण टैंक, पाइप लाइन और अन्य सुविधाओं की योजना तैयार की गई थी । लेकिन बर्थ संरचना की लागत केवल फेस-1 की दो बर्थो के लिए गिनी गई थी । तदनंतर वर्तमान बाजार और आर्थिक परिस्थितियों के मद्देनजर कार्गो के आवागमन के लिए विचार किया गया है । संशोधित कार्गो आवागमन के आधार, परियोजना की कुल क्षमता को संशोधित किया गया है तथा इसी के अनुसार परियोजना की संरचना में संशोधन किया गया है । 13 दिसम्बर और वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार परियोजना संरचना में मुख्य अंतर इस प्रकार है :
(रू. करोड़ में)
<table>
<tr><th>विवरण</th><th>पिछला प्रस्ताव (दिसंबर 2013)</th><th>वर्तमान प्रस्ताव</th></tr>
<tr><td>पूंजी लागत</td><td>1041.99</td><td>758.40</td></tr>
<tr><td>सिविल लागत (पंहुच बीम-ट्रैसल, पैदल पथ आदि)</td><td>282.66</td><td>280.28</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

<table>
<tr>
<td></td>
<td>स्वतंत्र है।

इस संदर्भ में, पुन: उल्लेख है कि इस प्राधिकरण द्वारा अपने आदेश सं. टीएएमपी/50/201-जेएमपीटी दिनांक 31 दिसम्बर, 2013 में अंतर्गत, जेएनपीटी पर एक अतिरिक्त लिक्विड बल्क टर्मिनल के लिए संदर्भ प्रशुल्क निर्धारित किया गया था, इस एलबीटी में कच्चा तेल पीओएल और अन्य लिक्विड कार्डो, दो बर्थो के लिक्विड कार्गो के आधार पर प्रहस्तन किया जाना है संदर्भाधीन इस मामले में भी, 2 बर्थो वाले अतिरिक्त लिक्विड बल्क टर्मिनल पर कच्चा तेल पीओएल और लिक्विड कार्गो का प्रहस्तन किया जाएगा। इसलिए नये संदर्भ प्रशुल्क की आवश्यकता पर विचार किया जाना है।</td>
<td>
<table>
<tr><td>उपकरण लागत(मेरीन लोडिंग आर्म, डाक लाइनें आदि)</td><td>266.76</td><td>182.54</td></tr>
<tr><td>बर्थिंग संरचना</td><td>75.93</td><td>76.63</td></tr>
<tr><td>भंडारण सिविल लागत (आंतरिक सड़कों सहित टैंक क्षेत्र संस्थापन पाईलिंग, आदि)</td><td>216.18</td><td>75.61</td></tr>
<tr><td>भंडारण उपकरण लागत (टैंक निर्माण और पाईप लगाना आदि)</td><td>200.46</td><td>143.34</td></tr>
<tr><td>कुल</td><td>1041.99</td><td>758.40</td></tr>
</table>
<table>
<tr><td>टैंक क्षेत्र क्षमता</td><td>1.28 मिलियन कि.ली.</td><td>0.62 मिलियन कि.ली.</td></tr>
<tr><td>(0.62 मिलियन कि.ली. (डीपीआर के अनुसार फेस 1क की क्षमता) + 0.66 मिलियन कि.ली. .(डीपीआर के अनुसार फेस 1ख की क्षमता))</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>टैंक फार्म क्षेत्र का क्षेत्रफल</td><td>73 हैक्टे.</td><td>36.5 हैक्टे.</td></tr>
</table>
उपर्युक्त अनुसार क्योंकि उपकरण और भंडारण (सिविल और उपकरण) (लगभग 300 करोड़ रु. की कटौती) ताकि टेंक फार्म क्षेत्र में निवेश के कारण परियोजना की लागत में काफी परिवर्तन हुआ है, सुझाव है कि प्रशुल्क फिर से परिकलित किया जाए।
</td>
</tr>
<tr>
<td>(ii)</td>
<td>जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत कार्गो आवागमन के पूर्वानुमान के अनुसार वर्ष 2034-35 के दौरान कच्चा तेल, पीओएल और अन्य तरल पदार्थो के कार्गो का आवागमन 6.79 एमएमपीपीए, तक पहुँच सकता है। इसलिए दो बर्थो की सुविधा सहित 11.25 एमएमटीपीए की इष्टतम क्षमता पर आधारित आवागमन के लगभग दो गुणा हो जाने की संभावना के लिए, 6.79 एमएमटीपीए की अनुमानित कार्गो आवागमन क्षमता को देखते हुए लगभग 100% अतिरिक्त क्षमता उत्पन्न करने के लिए सिविल और उपकरणीय दोनों बुनियादी सुविधाओं के तौर पर एक अच्छे निवेश के रुप में, 20 वर्षो पूर्व ही क्षमता तैयार</td>
<td>टेम्प द्वारा जारी दिशानिर्देश-2008 के आधार पर, अनुमानित उपफ्रंट प्रशुल्क के प्रयोजन के लिए 365 दिन कार्य समय तथा 70% बर्थ प्रयोज्यता तथा प्राधिकारण द्वारा प्रहस्तन दर पर विचार करते हुए कार्गो आवागमन क्षमता 11.25 एमएमटीपीए आकलित की गई है।

फिर भी इस परिकलन में साथ-साथ चलने वाली अन्य गतिविधियों जैसे कि बर्थिंग, डी-बर्थिंग (पोतों का) सीमा शुल्क निपटान, सर्वेक्षण, उपकरणों का लगाया जाना और उन्हें हुक-अप करना, सर्वेक्षण उपरांत (जहां कहीं आवश्यक हो) कार्य पायलटों की प्रतीक्षा तथा नेवीगेशन करने की</td>
</tr>
</table>

	किए जाने की आवश्यकता पर विचार किया जाना चाहिए।	अनुमति के लिए समय को शामिल नहीं किया गया है। उपर्युक्त कारणों से बर्थ की प्रहस्तन दर काफी कम हो गई है का पत्तन के 330 प्रचालन दिवसों (डाऊन –टाइम के लिए गिने गए दिन) पर विचार किया गया है। जिससे बर्थ की कुल प्रहस्तन क्षमता 7.5-8 एमएमटीपीए कम हो जाती है।
(iii)	जेएनपीटी के अनुसार क्रूड आयल, पीओएल और अन्य कार्गो के क्रमश: 3.65%, 63.74% और 32.61% भाग के आधार पर तथा क्रूड आयल, पीओएल और अन्य कार्गो के क्रमश: 5000 टन/घंटा, 1000 टन प्रति घंटा और 300 टन प्रति घंटा की प्रहस्तन दर पर विचार करते हुए, जैसा कि 2008 का अपफ्रंट दिशानिर्देश में लिक्विड कार्गो टर्मिनल के लिए निर्धारित है, एक बर्थ की 24 घंटे, 365 दिन के लिए 70% प्रयोग के हिसाब से 5.63 मि.मी. टन प्रति वर्ष निकलती है, इसका अर्थ है कि फेस-1 में एक बर्थ लगभग 6.79 एमएमटीपीए का कार्गो आवागमन के लिए पर्याप्त है । इसलिए दो बर्थो की आवश्यकता संबंधी जांच की जानी चाहिए । यदि दो बर्थ, वास्तव में, परियोजना की शुरुआत में ही आवश्यक है, अतिरिक्त बर्थ के लिए पूंजी और प्रचालन लागत का औचित्य विवरण देना आवश्यक है।	क्योंकि, कार्गो का आंरभिक आवागमन 4.7 एमएमटीपीए है और एकल बर्थ की प्रभावी प्रहस्तन क्षमता 3.75 एमएमटीपीए हैं, इसलिए आंरभ में ही दो बर्थो की अनिवार्यता आवश्यक है।
(iv)	इष्टतम क्षमता परिकलन में विचारित पाइप लाइनों की विभा और प्रत्येक प्रकार के लिक्विड कार्गो की प्रहस्तन दरों में संयोजन.	इष्टतम क्षमता परिकलन, प्राधिकरण के दिशानिर्देश – 2008 के अनुसार किया गया है। इस तथ्य की पुष्टि तकनीकी सलाहकार द्वारा की गई है।
(v)	क्या भंडारण टैंक फार्म की क्षमता एलबीटी की क्षमता के आस पास है।	जी हां, इसकी विस्तृत व्याख्या डीपीआर की धारा 10.4.3 में दी गई है। फिर भी परियोजना की पुन: संरचना को विचारगत रखते हुए, परियोजना में 2 बर्थो के तैयार करने से फेस-1 में टैंकों की संख्या 50% कम कर दी गई है।
(vi)	जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत संदर्भगत प्रस्ताव अगस्त 2013 का प्रतीत होता है। यह लेते हुए की डीपीआर में, पूंजी लागत में विचारित यूनिट दर के इस मध्य बीते समय के दौरान काफी बदलाव हो गया होगा, अत: पूंजी लागत को अद्यतित किए जाने की आवश्यकता है ताकि दर्शाये गई यूनिट दरें इसी प्रचलित बर्ष की हों जिसमें संशोधित प्रस्ताव पेश किया जाएगा।	यद्यपि परामर्शदाता द्वारा यह आकलन अगस्त, 2013 में तैयार किया गया जो अधिकांशत: वर्ष 2015 में भी प्रचलन में है।
(vii)	बर्थ किराया परिकलन में कुल मात्रा (टनों में) में इष्टतम क्षमता के आंकड़े भी दिखाए जाने चाहिएं।	मान्य है । इसके परिप्रेक्ष्य में संशोधित प्रशुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत है।
(viii)	प्रयोज्यता के हिसाब से 365 कार्य दिवसों का 70% 256 दिन प्रति वर्ष बनते है। बर्थ के किराया परिकलन में बर्थ के संबंध में दिनों की संख्या की स्थिति दर्शायी जाए।	मान्य है। इस परिप्रेक्ष्य में संशोधित प्रशुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत है । फिर भी, क्योंकि 2 बर्थे हैं, इसलिए कुल बर्थ दिन = 512 ।

(ix)	256 दिन का आधार लेते हुए 6132 बर्थ घंटे 256 दिन x 24 घंटे गणित होते हैं। बर्थ किया परिकलन में, बर्थ घंटों की यह स्थिति दर्शायी जाए।	मान्य है। इस परिप्रेक्ष्यों संशोधित प्रशुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत है । फिर भी, क्योंकि दो बर्थे हैं इसलिए कुल बर्थ घंटे 12288 अर्थात् (512 दिन x 24 घंटे) बनते हैं।

4.1 जेएनपीटी द्वारा उनके 01 अप्रैल, 2015 के पत्र के अंतर्गत संशोधित प्रस्ताव और उसकेबाद 02 अप्रैल,2015 को संशोधित कार्य निष्पादन मानकों सहित संशोधित प्रस्ताव पेश किया गया । यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत संशोधित प्रस्ताव में किया गया संशोधन पूंजी लागत में और प्रचालन लागत आकलन में छोटे-छोटे बदलावों तक ही सीमित था । लेकिन, क्योंकि जेएनपीटी द्वारा उपयोक्ताओं/प्रत्याशी बोलीकारों को प्रस्ताव में संशोधन के बारे में सूचित किया गया था, 01 अप्रैल, 2015 के जेएनपीटी संशोधित प्रस्ताव 02 अप्रैल, 2015 के संशोधित दरमानों की प्रति, उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों तथा प्रत्याशी आवेदकों को (जिनसे पूर्ववर्ती प्रस्तावों में परामर्श लिया गया था) हमारे 8 अप्रैल, 2015 के पत्र के अंतर्गत उनकी टिप्पणी आमंत्रित करते हुए, एक-एक प्रति भेजी गई थी । जेएनपीटी के दिनांक 1 और 2 अप्रैल, 2015 के प्रस्ताव के विवरण कार्य सूची के उत्तरवर्ती भाग में दिये गये हैं।

4.2 इस संबंध में मै. अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन लि0 (एपीएसईजेडएल) ने अपने 15/4/2015 तथा मै. आईएमसी लि. ने 15 अप्रैल, 2015 के अपने पत्र के अंतर्गत अपनी-अपनी टिप्पणियां भेजी हैं । इन प्रत्याशी बोलीकारों से प्राप्त टिप्पणियां जेएनपीटी को फीड बैक जानकारी के तौर पर भेजी गई । जेएनपीटी ने 20 अप्रैल, 2015 के पत्र के अंतर्गत एपीएलईजेडएल की टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है । 28 अप्रैल, 2015 और 20 मई 2015 को स्मरण पत्र भेजने के बावजूद भी जेएनपीटी ने आईएमसी लि. द्वारा अपेक्षित सूचना/स्पष्टीकरण नहीं दिया है और न ही कोई प्रतिक्रिया दी है।

4.3 01 और02 अप्रैल, 2015 के संशोधित प्रस्ताव की प्रारंभिक जांच के आधार पर तथा जेएनपीटी के दिनांक 13 अप्रैल, 2015 के पत्र की उक्तियों की जांच करने पर, जेएनपीटी को, हमारे 15 अप्रैल, 2015 के पत्र के अंतर्गत विभिन्न मदों पर अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण देने का अनुरोध किया गया। हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्न और जेएनपीटी द्वारा उन पर दिए गए उत्तर नीचे तालिकाबद्ध किए गए है :-

क्र.सं.	प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित सूचना/ स्पष्टीकरण	जेएनपीटी का उत्तर
(क)	**सामान्य:**	
(i)	जेएनपीटी द्वारा उनके दिनांक 13 अप्रैल, 2015 के पत्र में प्रस्तुत प्रतिक्रिया के मद सं. (i) में जेएपीटी द्वारा दिसंबर 2013 तथा वर्तमान प्रस्तावों को परियोजना संरचना में मुख्य अंतर के बारे में जानकारी दी है । कथित तालिका में, दिसम्बर 2015 के प्रस्ताव में टैंक फार्म की क्षमता 1.28 मिलियन कि.लि. दर्शायी गई है। इस संबंध में जेएनपीटी नोट करें कि दिस. 2013 के आदेश में टैंक फार्म की क्षमता 0.66 मिलियन कि.लि. पर विचार किया गया था न कि 1.28 मि.कि.लि.पर।	दिसम्बर 2013 के प्रस्ताव में टैंक फार्म की क्षमता के परिकलन में कुछ संदिग्धता थी। केवल फेस-1 बी की क्षमता (0.66 मिलीयन मी टन) को शामिल किया गया । प्रस्ताव में 0.62 मी.टन वाले फेस-1 ए की क्षमता छूट गई थी । टैंक फार्म क्षमता का विस्तृत परिकलन डीपीआर में तालिका 10-15 में, केवल सामान्य दिशानिर्देशों के लिए दिया गया है।
(ii)	जेएनपीटी ने अपने 13 अप्रैल, 2015 के पत्र में मद सं. (ii) उल्लेख किया है कि बर्थिंग और डी बर्थिंग (पोतों के), सीमा शुल्क अनुमति, सर्वेक्षण, उपकरणों की स्थापना और उनको हुक-अप किया जाना, सर्वेक्षण के बाद प्रचालन (जहां कही भी आवश्यक	प्रशुल्क के आकलन के लिए इष्टतम बर्थ क्षमता (11.25 एमएमटीपीए) प्राधिकरण के दिशानिर्देश 2008 के अनुसार है । फिर भी, परियोजना के विकास की योजना तैयारकरते समय यह अनुमान लगाया गया है कि प्रस्तावित कार्गो के 7.5 एमएमटीपी के प्रहस्तन के लिए (डीपीआर के

	हो) पायलटों की प्रतीक्षा तथा नेवीगेशन के लिए अनुमति जैसी अन्य संबद्ध गतिविधियों के लिए आवश्यक समय पर विचार करते हुए, बर्थ की प्रहस्तन दर बहुत घट जाती है जिससे बर्थ की कुल प्रहस्तन क्षमता 7.5-8 एमएमटीपीए तक कम हो जाती है । 2008 के दिशानिर्देशों में लिक्विड बल्क टर्मिनल की इष्टतम क्षमता के परिकलन के लिए उल्लिखित मानक, इष्टतम क्षमता के परिकलन के लिए जेएनपीटी द्वारा सूचीबद्ध घटकों को शामिल करने से रोकते है । इसलिए जेएनपीटी, परियोजना के आंरभ से ही दो बर्थों के होने की अनिवार्यता का औचित्य बताए ।	अनुसार) कम से कम 2 बर्थों का होना आवश्यक है ।
(iii)	जेएनपीटी परियोजना के लिए भूमि के कुल आबंटन संबंधी विवरण संबद्ध सुविधाओं के लिए प्रस्तावित भूमि का विवरण प्रस्तुत करे ।	भंडारण सुविधाओं (टैंक फार्म) और संबंद्ध सुविधाओं के लिए 36.5 हैक्टे. भूमि का आबंटित किए जाने का प्रस्ताव है ।
(iv)	जेएनपीटी यह भी पुष्टि करे कि क्या लिक्विड बल्क टर्मिनल के लिए प्रस्तावित भूमि आबंटन पत्तन की भू-उपयोग योजना के अनुरुप है ।	हां, भूमि 2005 में, पत्तन के अनुमोदित सीजेडएमपी के अनुसार पत्तन संबंधी प्रचालकीय गतिविधियों के लिए ही चिह्नित की गई है ।
(v)	2 बर्थों के लिए 12.8 हैक्टे. जल क्षेत्रके प्रस्ताव तथा भंडारण के लिए 36.5 है.भूमि के आवंटन का आधार बताया जाए ।	जैटियों के लिए जल क्षेत्र 400मी*50मी =20000 वर्गमी. अप्रोच ट्रेसल के लिए जल क्षेत्र 7200मी*15मी =108000 वर्ग मी. कुल जल क्षेत्र:128000वर्ग मी., i.e. 12.8 हैक्टे.
(vi)	जैसा पहले भी जेएनपीटी को बताया गया है । हमार समसंख्यक पत्र दिनांक 08.04.2015 के अंतर्गत जेएनपीटी संशोधित प्रस्तावित के संबंध में न्यासी बोर्ड के अनुमोदन की एक प्रति प्रस्तुत करे ।	कथित प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष अगली बैठक में प्रस्तुत किया जा रहा है। बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त होने के बाद प्राधिकरण को भेज दिया जाएगा ।
(vii)	जेएनपीटी के संशोधित प्रस्ताव में कुल गणितीय अशुद्धियां पायी गई हैं । जेएनपीटी प्रस्ताव की पुनरीक्षा करते समय गणितीय अशुद्धियों को ठीक करें ।	मान्य है ।
(viii)	जेएनपीटी यह बताए कि दिसंबर 2013 के आदेश के अंतर्गत अतिरिक्त लिक्विड बल्क टर्मिनल (एएलबीटी) के लिए संदर्भ प्रशुल्क निर्धारित होने के पश्चात क्या यह मामला आगे भारत सरकार के समक्ष प्राधिकारी के साथ उठाया गया था । यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा यदि कोई आपत्ति उठायी गई हो, और जेएनपीटी द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई की गई हो तो उसका ब्यौरा दें । जेएनपीटी यह भी बताए कि उस समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा उठायी गई आपत्तियों को, क्या संदर्भाधीन इस वर्तमान प्रस्ताव में शामिल कर लिया गया है ।	जी हां । यह प्रस्ताव पीपीपीएसी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था । केबिनेट कमेटी प्रत्याशी बोलीकारों से फीड बैक प्रापत हो गई थी आवागमन के आकलन के संबंध में आवागमन का समीक्षा की गई थी और परियोजना संरचना में संशोधन किया गया था । प्रशुल्क आदेश पर कोई आपत्ति नहीं उठायी गई थी ।
ख.	**इष्टतम क्षमता**	
(i)	जेएनपीटी ने कच्चे तेल के लिए 3.65%,63.74%	जेएनपीटी पर, पिछले तीन वर्षो में प्रहस्तित क्रूड

<table>
<tr>
<td></td>
<td>तथा अन्य तरल पदार्थो के लिए 32.61%, भाग को इष्टतम क्षमता की गणना के लिए माना है। इस संबंध में जेएनपीटीपर पिछले तीन वर्षों के दौरान क्रूड आयल, पीओएल और अन्य तरल पदार्थों का कितना-कितना प्रति शत भाग वास्तव में प्रहस्तित हुआ, दर्शाया जाए। क्रूड आयल पीओएल और अन्य तरल पदार्थो का क्रमश: 3.65%, 63.74% और 32.61% की दर से लिए जाने का आधार भी बताया जाए।</td>
<td>आयल पीओएल और अन्य तरल पदार्थो का विवरण मीट्रिक टनों में नीचे दिया जाता है :
<table>
<tr><th>वस्तु</th><th>2012-13</th><th>2013-14</th><th>2014-15</th></tr>
<tr><td>क्रूड आयल</td><td>2,121,237 (36%)</td><td>1,734,848 (28%)</td><td>1,568,333 (25%)</td></tr>
<tr><td>पीओएल</td><td>2,004,259 (4%)</td><td>2,684,079 (43%)</td><td>2,465,817 (40%)</td></tr>
<tr><td>अन्य लिक्विड (खाद्य तेल सहित)</td><td>1,753,858 (30%)</td><td>1,862,731 (29%)</td><td>2,155,495 (35%)</td></tr>
<tr><td>कुल</td><td>5879354</td><td>6281658</td><td>6189645</td></tr>
</table>
क्रूड आयल, पीओएल और अन्य तरल पदार्थो के भाग वर्ष 2034-35 के संबंधित कार्गो के प्रहस्तन के लिए अपेक्षित कार्गो मात्रा के प्रतिशत भाग की अपेक्षा बर्थ दिवसों पर आधारित है।</td>
</tr>
<tr>
<td>(ii)</td>
<td>जेएनपीटी ने अपने प्रस्ताव में क्रूड आयल पाइप लाईन का आयामी उल्लेख 36'ø, पीओपी पाइप लाइन का 24'ø, खाद्य तेल पाइप लाइन का 20' ø और दो रसायन पाइप लाइनों का 16' ø व 8'ø किया है । इस संबंध में जेएनपीटी द्वारा उनके दिनांक 13 अप्रैल, 2015 के पत्र की मद सं. (iv) पर दिए गए उत्तर के अनुसार पाइल लाइनों की विभा और इष्टतम क्षमता के परिकलन के लिए प्रत्येक लिक्विड कार्गो की किस्त की प्रहस्तन दर में कोई ताल मेल नहीं बैठता है ।जेएनपीटी इनका तालमेल बताए।</td>
<td>जेएनपीटी और तैयार की गई डीपीआर सामान्य मार्गदर्शन और वास्तविक योजना पर आधारित है। फिर भी ये विभाएं (डायमेंशन) आर एफ पी अवस्था में विस्तृत इंजीनियरिंग के दौरान सुनिश्चित की जाएंगी।</td>
</tr>
<tr>
<td>(iii)</td>
<td>जेएनपीटी ने अपनी परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट (डीपीआर) के खण्ड 7.7.1 के भंडारण क्षेत्र के भाग में उल्लेख किया है कि ये भंडारण टैंक केवल वहन के प्रयोजन के लिए होंगे । डीपीआर में आगे कहा गया है कि ये भंडारण टें. 7 से 10 दिन के लिए, कार्गो के आवागमन के लिए उपयुक्त होंगे । इस संबंध में जेएनपीटी, भंडारण टैकों में 7-10 दिन के लिए, कार्गो आवागमन भंडारित रखने के विचार का कारण बताए।</td>
<td>भंडारण टैकों में रखाव का समय संकल्पना पर आधारित है। फिर भी भंडारण समय की वास्तविक गणना विस्तृत इंजीनियरी चरण में रियायत ग्राही द्वारा की जाएगी । यह डीपीआर केवल समान्य दिशानिर्देश/मार्गदर्शन के प्रयोजन के लिए हैं । महत्वपूर्ण निवेशक अपनी मानना के आधार पर अपनी निजी डीपीआर तैयार करने के लिए स्वतंत्र हैं।</td>
</tr>
<tr>
<td>(iv)</td>
<td>पाइप लाइनों के संदर्भ में पत्तन यह प्रमाणित करें कि प्रस्ताव में उसके द्वारा विचारित विभाएं (डायमेंशस) इष्टतम हैं और आगे ऐसा कोई संशोधन नहीं किया जाएगा । जिससे तकनीकी कारणों से,</td>
<td>डीपीआर में प्रस्तावित विभाएं सामान्य दिशानिर्देश के लिए संकल्पनात्मक योजना पर आधारित है । बोलीकार अपनी डीपीआर स्वयं तैयार करने के लिए स्वतंत्र है । फिर भी, विभाएं आरएफपी अवस्था के</td>
</tr>
</table>

	उसके प्रहस्तन दर पर प्रभाव पड़ता हो । पत्तन यह भी स्पष्ट करे कि क्या रियायत करार में पाइप लाइनों की विभाओं का विशेष उल्लेख किया जाएगा जिसे करार होने के बाद बीओटी प्रचालक द्वारा बदला न जा सकेगा।	दौरान विस्तृत इंजीनियरी अवस्था में तय की जाएंगी ।
(v)	लिक्विड बल्क टर्मिनल पर सभी तीनों प्रकार के कार्गो के लिए विदेशी कार्गो तथा तटीय कार्गो के लिए 64%:36% के अनुपात पर विचार करने का क्या कारण है।	यह पिछले 2-3 वर्षो के दौरान विदेशी व तटीय कार्गो के अनुपात पर आधारित है।
(vi)	क्षमता परिकलन में "अन्य लिक्विड कार्गो" की श्रेणी में लिक्विड कार्गो की किस्मों का विवरण दें ।	खाद्य तेल, शीरा और रसायन।
ग.	**पूंजी लागत**	
(i)	जेएनपीटी के दिनांक 17 मार्च 2015 के पत्र के अंतर्गत प्रस्तुत डीपीआर के अनुलग्नक 12.1 में परियोजना की लागत रू.1127.52 करोड़ बताई गई है । जेएनपीटीने प्रस्ताव में पूंजी लागत से संबंधित कई मदों पर विचार नहीं किया है और न ही उनसे संबंधित कोई राशि डीपीआर में दर्शायी है । इस प्रकार जेएनपीटी केवल रू.758.42 करोड़ की पूंजी लागत पर विचार किया गया प्रतीत होता है । जेएनपीटी, परिकलन में कम पूंजी लागत आकलन के कारण बताए ।	परियोजना लागत में की लागत शामिल नहीं है क्योंकि यह रियायत ग्राही द्वारा वहन नहीं की जाएगी । सिविल कार्यो जैसे बर्थ लकड़ी की बीम मशीनी कार्यों तथा टैंक फार्म के लिए बुनियादी सुधार कार्यों के लिए लागत आधी होने के कारण परियोजना लागत कम हो गई है ।
(ii)	जेएनपीटी, सिविल लागत की प्रत्येक मद की मात्रा का आधार क्या है? बताएं और प्रत्येक के लिए सिविल पूंजी लागत के आकलन के लिए विचारित आधार दर को पुख्ता करने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करे जैसे प्रहस्तन वर्थिंग तथा भंडारण गतिविधियां ।	मै. एल एंड टी रामबॉल द्वारा तैयार की गई डीपीआर के अनुसार ।
(iii)	जेएनपीटी द्वारा अपने प्रस्ताव के विचारित अन्य प्रत्येक उपकरण की लागत के परिकलन विवरण प्रस्तुत करे । कथित प्रत्येक उपकरण की लागत की पुष्टि में दस्तावेजी प्रमाण भी प्रस्तुत किए जाएं ।	मै. एल एंड टी रामबॉल द्वारा तैयार की गई डीपीआर के अनुसार ।
(iv)	मुख्य ड्रेजिंग के संबंध में ड्रेजिंग की इकाई दर दस्तावेजी प्रमाण सहित दी जाए ।	केवल बर्थ पॉकेट की ड्रेजिंग पर ही विचार किया गया है तथा प्रभारित दर, जेएनपीटी द्वारा हाल ही में तय की गई मुख्य ड्रेंजिंग दर पर आकलित है ।
(v)	जैसा कि पहले भी कहा गया है कि दिसम्बर, 2013 के अंतर्गत नि र्धारित प्रशुल्क दो बर्थों की विशिष्टताओं कला क्रूड आयल, आयल, पीओएलऔर अन्य लिक्टिड कार्गो के लिए था । अब भी परियोजना में 2 बर्थों की बात की गई है जिसमें क्रूड आयल, पीओएल और अन्य लिक्विड कार्गो का प्रहस्तन किया जाएगा। ऐसी स्थिति में, जेएनपीटी द्वारा अपने प्रस्ताव में विचारित पूंजीगत लागत घटक, दिसंबर, 2013 के आदेश में विचारित पूंजी	

	लागत घटकों से भिन्न पायी गयी है । इस संबंध में जेएनपीटी निम्नलिखित को स्पष्ट करे :-	
	(क) जब कि क्रूड आयल 9.79% (दिसम्बर, 2013 आदेश) से 3.65% (वर्तमान प्रस्ताव)तक कम हो गया है जेएनपीटी द्वारा वर्तमान प्रस्ताव में क्रूड आयल के लिए दो लोडिंग आर्म्स पर ही विचार किया है ।	प्रतिशत भाग अब बर्थ दिनों पर आधारित है न कि कार्गो के माप के प्रतिशत के आधार पर। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि प्रत्यंयक कार्गो का प्रहस्तन दर अलग होती है और केवल कार्गो के प्रहस्तन के लिए प्रयुक्त बर्थ दिवसों से बर्थ की क्षमता के प्रतिशत भाग की वास्तविक स्थिति का पता चल सकता है ।
	(ख) जब अन्य लिक्विड कार्गो का भाग 15.01% (दिसम्बर, 2013 आदेश) से 32% (वर्तमान प्रस्ताव)तक बढ़ गई तो अन्य लिक्विड कार्गो से संबंधित पूजी लागत पाइप लाइनों के लिए जेएनपीटी द्वारा 80.93 रु. करोड़ रु. को कम करते हुए रू.58.05 करोड़ पर विचार किया गया है ।	प्रतिशत भाग अब बर्थ दिनों पर आधारित है न कि कार्गो के माप के आधार पर। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि प्रत्येक कार्गो का प्रहस्तन दर अलग होती है और केवल कार्गो के प्रहस्तन के लिए प्रयुक्त बर्थ दिवसों से बर्थ की क्षमता के प्रतिशत भाग की वास्तविक स्थिति का पता चल सकता है।
	(ग) भंडारण गति विधियों से संबंधित पूंजी लागत रु. 416.64 करोड़ (दिस.2013 आदेश) से अत्याधिक कम हो कर वर्तमान प्रस्ताव में बहुत ही कम रु. 218.96 करोड़ ही रह गई है ।	जी हां, क्योंकि अब परियोजना का फेस-1 बी नहीं होगा इसलिए टैंक फार्म क्षेत्र के विकास पर व्यय कम हो गया है ।
(घ) .	**प्रचालन लागत**	
(i)	जेएनपीटी, रु. 14.50 प्रति यूनिट की दर से विद्युत ऊर्जा लागत के समर्थन के दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करे ।	ये दरें, एमएसईडीसीएल के अद्यतन प्रशुल्क/बिल के अनुसार है ।
(ii)	जेएनपीटी ने कार्गो प्रहस्तन और भंडारण कार्यो के लिए जल क्षेत्र तथा भू-क्षेत्र की लाइसेंस फीस के परिकल्पन के लिए रु. 19.42 प्रति वर्ग मीटर की आधारभूत दर पर विचार किया हैं । जेएनपीटी जल क्षेत्र के लिए 19.42 टन प्रति वर्ग मीटर की लाइसेंस फीस का आधार बताए । जेएनपीटी मौजूदा दरमानों के संदर्भ में अपने परिकलन में रु. 19.42 प्रति वर्ग मी. की लाइसेंस फीस का आधार भी बताए ।	2015-16 के लिए, चौथे कंट्रेनर टर्मिनल के लिए लागू की गई दरें अपनायी गई हैं ।
ङ.	**राजस्व मांग और प्रस्तावित प्रशुल्क**	
(i)	जेएनपीटी टैंक फार्म की विचारित 620590 कि.ली. भंडारण क्षमता का परिकलन प्रस्तुत करे ।	टैंक फार्म क्षमता का विस्तृत परिकलन डीपीआर में तालिका 10-15 में दिया गया है ।
(ii)	जेएनपीटी द्वारा टैंक फार्म की 365 दिन के लिए 70% उपयोग (256 दिन) हेतु 620590 कि. ली. के लिए प्रभार का आकलन किया है । इस संबंध में पुष्टि की जाएं कि लिक्विड कार्गो एक वर्ष में पूरे 256 दिन भंडारित रहेगा ताकि वीओटी प्रचालक कार्गो	टैंक फार्म पूरा वर्ष भर उपयोग के लिए उपलब्ध रहेगा । फिर भी, इस बात का कोई आश्वासन नहीं कि सभी टैंक पूरे 365 दिन पूरी तरह भरे रहेंगे । इस लिए सामान्य प्रक्रिया की भांति 70% उपयोग पर विचार किया गया है ।

	के भंडारण से आवश्यक राजस्व मांग प्राप्ति कर सके।	
(iii)	बर्थ भाड़ा परिकलन में, जेएनपीटी क्रूड आयल, पीओएल व अन्य तरलों के क्रमश: 72000 जीआरटी, 48000 जी आरटी और 36000 जीआरटी वाले पोतों के औसत आकार पर विचार करने का आधार बताएं।	ये मान दिसम्बर, 2013 के प्रस्ताव से लिया गया है।
(iv)	जेएनपीटी, पिछले तीन वर्षो में लिक्विड कार्गो लाने वाले उपयुक्त प्रत्येक पोत का औसत जीआरटी बताएं।	पिछले तीन वर्षों का लिक्विड कार्गो का औसत जीआरटी 2011-12 : 461 पोत के लिए - 8,858,868 जीआरटी 2012-13 : 468 पोत के लिए - 9,919,872 जीआरटी 2013-14 : 478 पोत के लिए -10,537,727 जीआरटी
(v)	जेएनपीटी, विदेशी कार्गो 64% तथा तटीय कार्गो 36 प्रतिशत पर विचार करने का कारण बताए।	यह विदेशी और तटीय कार्गो संबंधी पिछले 2-3 वर्षों के अनुपात पर आधारित है।
(vi)	जेएनपीटी, क्रूड आयल, पीओएल और अन्य लिक्विड क्रमश: 55000 टन, 13250 टन व 6652 टन लाने वाले औसत पार्सल आकार के पोतो पर विचार करने का आधार बताए।	मै. एल एंड टी रामबल द्वारा तैयार की गई डीपीआर के अनुसार।
(vii)	जेएनपीटी, क्रूड आयल, पीओएल और अन्य लिक्विड क्रमश: 55000 टन, 13250 टन व 6652टन लाने वाले औसत पार्सल आकार के पोतो पर विचार करने का आधार बताए। पिछले तीन वर्षो का।	पिछले तीन वर्षों के दौरान लिक्विड कार्गो के औसतन पार्सल आकार के पोत 2011-12 : 14,879 एमटी 2012-13 : 12,563 एमटी 2013-14 : 13,142 एमटी
(viii)	जेएनपीटी द्वारा प्रत्येक पोत के लिए 6 घंटे के अनबर्थिंग समय पर विचार किया है। इस संबंध में कृपया जेएनपीटी स्पष्ट करे :	यह, पोतों के लिए, बर्थिंग/अनबर्थिंग, सीमा शुल्क, अनुमति सर्वेक्षण, स्थान ग्रहण करना, उपकरण लगाना, सर्वेक्षण उपरांत कार्रवाई (जहां कही आवश्यक हो) पायलटों के लिए प्रतीक्षा तथा नौचालन के लिए अनुमति सहित चहुंमुखी गतिविधियों के लिए कुल समय है।
	(क) छ: घंटे का अनबर्थिंग समय पर विचार करने का आधार क्या है।	
	(ख) छ: घंटे का अनबर्थिंग समय का विवरण क्या है।	
	(ग) पिछले 3 वर्षों में लिक्विड कार्गो पोतों के संबंध में औसत अनबर्थिंग समय	
च	**<u>दरमान</u>**	
(i)	प्रशुल्क अनुसूची में प्रशुल्क सीमा के सूचकांकन के संबंध में प्रशुल्क अनुसूची में इस आशय का एक सामान्य नोट जेएनपीटी द्वारा निर्धारित किया गया है कि प्रशुल्क सीमा में 01 जनवरी 2013 और प्रासंगिक वर्ष की प्रथम जनवरी के मध्य थेक मूल्य सूचकांक के उतार चढ़ाव के 60 प्रतिशत की सीमा	मान्य है

	तक सूचकांकित वृद्धि की जाएगी। क्योंकि जेएनपीटी ने उल्लेख कियाहै कि पूंजी लागत तथा प्रचालन लागत आकलन वर्ष 2015 के बाजार में प्रचलित दरों के अनुसार हैं जबकि यह 2013 तैयार किया गया था । अत: सामान्य नोट में उपयुक्त संशोधन किया जाए कि प्रशुल्क सीमा 01 जनवरी 2015 और प्रासंगिक वर्ष की प्रथम जनवरी के मध्य होने वाले उतार चढ़ाव का अधिकतम 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।	
(ii)	भारत सरकार के नीति निर्देशों के अनुसार तटीय कार्गो (तटीय कोयला, क्रूड ऑयल, लौह अयस्क और लौह अयस्क पट्टों सहित पीओएल को छोड़कर) के लिए रियायती प्रशुल्क सामान्य कार्गो/पोत संबंधी प्रभार के 60 प्रतिशत से अधिक निर्धारित नहीं किया जाना है। इस परिदृश्य में, रियायती तटीय दरों का निर्धारण, प्रस्तावित संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची में क्रूड ऑयल और पीओएल के लिए, का औचित्य बताया जाए।	मान्य है
(iii)	लिक्विड कार्गो के भंडारण के लिए नि:शुल्क दिवस का प्रस्ताव न होने का कारण बताएं।	रियायतग्राही द्वारा इस मद पर निर्णय लिया जाएगा।
छ	**<u>कार्य निष्पादन मानक</u>**	
(i)	कार्य निष्पादन मानक अनुसूची में सांकेतिक मानकों में पीओएल के अंतर को श्याम-श्वेत रूप में बताया गया है। फिर भी क्षमता परिकलन में ऐसा कोई अंतर नहीं किया गया है। जेएनपीटी स्थिति की व्याख्या करें।	कार्य निष्पादन मानक रियायत करार मॉडल के अनुसार है जब कि प्रधिकरण के प्रस्ताव में प्रहस्तन दरें प्राधिकरण दिशानिर्देशानुसार हैं ।
(ii)	काले पीओएल उत्पादन के संबंध में 700 टन प्रति घंटा की दर से सांकेतिक मानक दिया गया है, जो इष्टतम क्षमता परिकलन में पीओएल के लिए विचारित निष्पादन 1000 टन प्रति घंटा की तुलना में कम बैठता है। इसलिए जेएनपीटी, इस संबंध में कार्य निष्पादन मानकों की पुनरीक्षा करें।	
(iii)	आगे, कार्य निष्पादन मानक अनुसूची में एलपीजी/ एलएनजी के लिए विशेष तौर पर 400 टन प्रति घंटा के सांकेतिक मानक निर्धारित किए गए हैं। फिर भी इष्टतम क्षमता परिकलन के समय कथित कार्गो के भाग पर विचार नहीं किया गया है। जेएनपीटी इस स्थिति की समीक्षा करे।	
(iv)	कार्य निष्पादन अनुसूची में अन्य लिक्विड्स के लिए, 250 टन प्रति घंटा के सांकेतिक मानक, इष्टतम क्षमता परिकलन में अन्य लिक्विड्स के लिए 300 टन प्रति घंटा की तुलना में कम है। इसलिए जेएनपीटी, इस संबंध में कार्य निष्पादन मानकों की पुनरीक्षा करें।	

(v)	कार्य निष्पादन मानकों की अनुसूची में जेएनपीटी द्वारा परिनिर्धारित नुकासानी के परिकलन और कार्य निष्पादन आकलन को नियंत्रित करने वाली शर्तें निर्धारित की हैं। महापत्तन न्यासों पर परियोजनाओं के लिए प्रशुल्क के निर्धारण हेतु दिशा निर्देश 2013 के खंड 2.2 में पत्तन द्वारा कार्य निष्पादन मानक प्रस्ताव करने की आशा की जाती है। इस संबंध में जेएनपीटी, कार्य निष्पादन मानकों की अनुसूची में कथित शर्तों को निर्धारित किए जाने की प्रासंगिकता की जांच करे। इस विषय पर आप देखेंगे कि दिसंबर 2013 में एलबीटी के लिए संदर्भ प्रशुल्क निर्धारित करते समय, जेएनपीटी द्वारा कार्य निष्पादन मानकों में प्रस्तावित यह निर्धारण दिसंबर 2013 के आदेश में अनुमोदित नहीं था।	

4.4 जेएनपीटी के दिनांक01 और 02 अप्रैल 2015 के संशोधित प्रस्ताव पर 20 अपैल 2015 को इस प्राधिकरण के मुबई स्थित कार्यालय में संयुक्त बैठक हुई। जेएनपीटी के सलाहकार अर्थात आरआईटीईएस ने जेएनपीटी की ओर से प्रस्ताव पर पॉवर प्वांयट प्रस्तुति पेश की। संयुक्त सुनवाई में जेएनपीटी और उपयोक्ता/उपयोक्ता संगठनों/प्रत्याशी आवेदकों ने अपने अपने विचार रखे।

4.5 जैसा संयुक्त बैठक में स्वीकार किया गया, सभी उपयोक्ता/उपयोक्ता संगठनों/प्रत्याशी बोलीकारों से अनुरोध किया गया कि वे संयुक्त बैठक में व्यक्त अपने-अपने मत लिखित रूप में जेएनपीटी और उनकी एक प्रति इस प्राधिकरण को भेज दें। हमारे 22 अप्रैल, 2015 के पत्र के माध्यम से, जेएनपीटी से अनुरोध किया गया था कि वे उनके मतों पर अपनी प्रतिक्रिया भेज दें और यदि आवश्यक हो तो प्रस्ताव में संशोधन करें।

4.6 इस बारे में 28 अप्रैल, 2015 के एक स्मरण पत्र के पश्चात, मै0 अदानी पोर्ट्स एंड स्पैशल इकानॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेडएल) ने अपने दिनांक 29 अप्रैल, 2015 के ई-मेल द्वारा, मुंबई एण्ड न्हावा शेवा शिप एजेंट्स एसोसिएशन (एमएएनएसए) ने अपने 29 अप्रैल, 2015 के तथा मै0 आईओटी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड एनजी सर्विसेज लिमिटेड ने अपने 5 मई, 2015 के ई-मेल द्वारा अपनी-अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की हैं। जेएनपीटी द्वारा इन उपयोक्ताओं/प्रत्यासी बोलीकारों की टिप्पणियों पर अपनी कोई टिप्पणी नहीं दी गई है।

5.1 28 अप्रैल, 2015 और 20 मई, 2015 के स्मरण पत्रों के पश्चात जेएनपीटी ने दिनांक 18 अप्रैल, 2015 के पत्र के अंतर्गत अपना संशोधित प्रस्ताव पेश किया है। तत्पश्चात, जेएनपीटी ने 22 जून, 2015 के पत्र के अंतर्गत कार्य निश्पादन मानकों सहित दरमान (एसओआर) प्रस्तुत किए हैं। क्योंकि जेएनपीटी द्वारा अपने संशोधित प्रस्ताव में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जैसे इष्टतम क्षमता में कटौती, भंडारण गतिविधि को पृथक करना आदि। जेएनपीटी के अप्रैल 2015 के प्रस्ताव की तुलना में, 18 जून, 2015 और 22 जून, 2015 के प्रस्ताव पर भी परामर्श लेने का निर्णय लिया गया और इस प्रकार इसकी एक प्रति हमारे 24 जून, 2015 के पत्र के अंतर्गत संबंधित उपयोक्ता/प्रत्याशी बोलीकारों को उनकी टिप्पणी के लिए भेजी गई। जेएनपीटी के 18 जून, 2015 और 22 जून, 2015 के प्रस्तावों की प्रति के विवरण इस आदेश के उत्तरवर्ती भाग में दिए गए हैं।

5.2 जेएनपीटी के 18 जून, 2015 और 22 जून, 2015 के प्रस्तावों पर मै0 आईओटी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड ने दिनांक 30 जून, 2015 के अपने ई-मेल द्वारा और मै0 आईएमसी लिमिटेड ने दिनांक 08 जुलाई, 2015 के अपने ई-मेल द्वारा अपनी-अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की हैं। जेएनपीटी ने अपने 14 जुलाई के पत्र द्वारा, 18 और 22 जून, 2015 के प्रस्ताव का 03 जुलाई, 2015 के नए प्रस्ताव द्वारा अतिक्रमण कर दिया गया है। इसके पश्चात जेएनपीटी द्वारा 17 जुलाई, 2015 के पत्र के अंतर्गत आईएमसी लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत टिप्पणियों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

5.3 आईओटीएल द्वारा 30 जून, 2015 के ई-मेल पत्र के अंतर्गत दी गई टिप्पणियों के संबंध में, जेएनपीटी को हमारे 10 जुलाई, 2015 के पत्र के अंतर्गत अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया। इसके पश्चात जेएनपीटी के 22 जुलाई, 2015 को इस संबंध में स्मरण दिलाया गया। लेकिन जेएनपीटी ने मामले के निपटान तक, आईओटीएल की टिप्पणियों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी है।

5.4 जेएनपीटी द्वारा उनके 18 और 22 जून 2015 के पत्रों के अंतर्गत भंजे गए संशोधित प्रस्ताव की प्रारंभिक जांच करने पर प्राधिकरण के 03 जुलाई 2015 के पत्र के अंतर्गत कुछ मुद्दों पर अतिरिक्त सूचना देने का अनुरोध किया गया था। जेएनपीटी ने अपने 17 जूलाई 2015 के पत्र के अंतर्गत अपनी प्रतिक्रिया दी है। हमारे द्वारा मांगी गई जानकारी और जेएनपीटी की प्रतिक्रिया तालिका बद्ध की गई है:

क्र.सं.	हमारे द्वारा मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण	जेएनपीटी के जबाब
	सामान्य:	
(i)	जेएनपीटी, प्रस्ताव के संबंध में, हमारे 24 जून, 2015 के अनुरोध के अनुसार न्यासी बोर्ड के अनुमोदन की प्रति प्रस्तुत करें।	अपफ्रंट, प्रशुतक के अनुमोदन के संबंध में जेएनपीटी के न्यासी बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए मामले पर 31 जुलाई, 2015 को होने वाली मीटिंग में विचार किया जाएगा।
(ii)	जेएनपीटी के संशोधित प्रस्ताव के समर्थन में व्यावहार्यता रिपोर्ट की प्रति प्रस्तुत की जाए।	एल एण्ड टी रामबॉल द्वारा तैयार की गई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रति प्राधिकरण को पहले ही भेज दी गई है। फिर भी, संशोधित प्रस्ताव पर संबंधी उसकी रूपरेखा और संशोधित कार्गो आवागमन अनुमान का एक सक्षिप्त नोट संलग्न है।
(iii)	दो बर्थों के लिए प्रस्तावित 6.7 हैक्टेयर जल क्षेत्र के आवंटन का आधार प्रस्तुत करें।	यह क्षेत्र बर्थ क्षेत्र की रूपरेखा और पहुंचपथ के आधार पर निकाला गया है।
(iv)	अप्रैल 2015 में जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में, जेएनपीटी ने भंडारण सुविधा तथा भंडारण गतिविधि से संबंधित पूंजी लागत व प्रचालन लागत के लिए अलग से गणना की थी और इस प्रकार भंडारण प्रभार अलग से निर्धारित किया था। जेएनपीटी के दिनांक 18 व 22 जून, 2015 के संशोधित प्रस्ताव में, देखने में आया है कि जेएनपीटी ने पृथक भंडारण प्रभार को संदर्भगत प्रस्ताव से हटा दिया है। अप्रैल, 2015 के प्रस्ताव की तुलना में, इस संबंध में जेएनपीटी निम्नलिखित स्पष्ट करे:-	
	(क) महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 48 (।) (घ) के अनुसार, महापत्तन न्यास या पत्तन न्यास द्वारा अधिकृत व्यक्ति के द्वारा भंडारण सेवा प्रदान करने के लिए अन्य प्रभारों के साथ भंडारण प्रभार निर्धारण करना आवश्यक है। इसके अलावा 2008 के अपफ्रंट प्रशुल्क दिशा निर्देशों में, जिनके आधार पर जेएनपीटी द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया है, लिक्विड बल्क टर्मिनल के लिए निर्धारित मानक में उल्लेख है कि कुल राजस्व मांग के प्रहस्तन प्रभार (95 प्रतिशत) और विविध प्रभार (5 प्रतिशत) के अनुपात में रखा जाना है। प्रहस्तन प्रभार के संबंध में दिशा निर्देशों में कहा गया है कि प्रहस्तन प्रभारों में, कार्गो लदान या उतराई (जैसी भी स्थिति हो), घाट भाड़ा तथा पाइप लाईनों के माध्यम से वहन से अलग, भंडारण टैंकों में भंडारण के लिए भंडारण प्रभार शामिल होंगे। जेएनपीटी ने अपने जून 2015 के संशोधित प्रस्ताव में भंडारण के लिए कोई अलग प्रभार	वर्तमान प्रस्ताव में, लिक्विड कार्गो प्रहस्तन के लिए प्रशुल्क दिशा निर्देशों के अनुसार भंडारण सुविधा निर्माण को पृथक रखा गया है। इसके साथ प्रस्ताव में पाइपलाइन बिछाने की लागत पर विचार नहीं किया गया है क्योंकि यह व्यय टैंक फार्म आपरेटर द्वारा वहन किया जाना है। इस परियोजना के लिए 50 हैक्टेयर भूमि निर्धारित की गई है, जिसके लिए जेएनपीटी लीज किराया लेगी। यह 50 हैक्टेयर भूमि सफल प्रत्याशी की मानना के आधार पर, प्राधिकरण की 20 अप्रैल, 2015 को हुई बैठक में प्रदान की गई है। भूमि की ओ एण्ड एम लागत प्रहस्तन प्रभार में शामिल नहीं की जानी चाहिए क्योंकि वे सभी कार्गो जो

	नहीं लगाया है। दरमानों के प्रारूप के खंड 3 के नीचे दिए गए नोट के अनुसार, प्रहस्तन प्रभारों में कार्गो भंडारण शामिल नहीं है। जेएनपीटी ने भी भंडारण सुविधाओं से संबंधित पूंजी लागत को नहीं लिया है। यदि संदर्भगत प्रस्ताव में भंडारण प्रभार शामिल नहीं किया जाना है तो जेएनपीटी निम्नलिखित स्पष्ट करे:- (i) अतिरिक्त लिक्विड बल्क टर्मिनल (एएलबीटी) पर लिक्विड कार्गो टर्मिनल के प्रशुल्क की व्यवस्था क्या है, तथा चयनित बोलीकारों द्वारा लिक्विड कार्गो के भंडारण के लिए दर क्या है। (ii) भंडारण सुविधाओं के लिए प्रत्याशी बीओटी प्रचालक को 50 हैक्टेयर भूमि के आवंटन का कारण क्या है। (iii) भंडारण के लिए प्रयोज्य प्रकाश व्यवस्था विद्युत लागत और संदर्भगत प्रस्ताव में 50 हैक्टेयर भूमि से संबंधित लाइसेंस फीस लगाने का क्या कारण है, जबकि जेएनपीटी द्वारा भंडारण प्रशुल्क का प्रस्ताव नहीं किया गया है। (iv) 50 हैक्टेयर भूमि के लिए प्रकाश व्यवस्था, विद्युत लागत तथा 50 हैक्टेयर भूमि के लिए लाइसेंस फीस लागत परिकलन शामिल हैं, इसिलिए सफल बोलीकार, सुविधा प्रयोक्ता से प्रहस्तन प्रभार से संबंधित प्रशुल्क के रूप में, उपर्युक्त लागत प्राप्त करेगा। ऐसा होने से यदि जेएनपीटी प्रचालक के अलग से भंडारण प्रभार लेने की अनुमति देता है (जो संशोधित प्रस्ताव में शामिल नहीं है) तो, ऐसा होने से, प्रचालक द्वारा उपयोक्ता से दोगुनी वसूली कर ली जाएगी। यदि यह भंडारण वर्तमान प्रस्ताव में शामिल नहीं है, तो 50 हैक्टेयर भूमि की प्रकाश व्यवस्था की विद्युत लागत और लाइसेंस फीस को शामिल नहीं करना होगा।	एएलबीटी पर प्रहस्तित किए जाएंगे, भंडारित नहीं होंगे और इसीलिए भंडारण के लिए (लीज और विद्युत) लागत, प्रशुल्क परिकलन में नहीं जोड़ी जानी चाहिए। प्रस्ताव को तदनुसार संशोधित किया गया है।
	(ख) <u>इष्टतम क्षमता:</u>	
	(i) संदर्भित परियोजना के कार्य क्षेत्र से क्रूड ऑयल प्रहस्तन न करने का कारण बताएं।	संशोधित प्रस्ताव में क्रूड ऑयल का प्रहस्तन शामिल है।
	(ii) पीओएल 79.19 प्रतिशत तथा अन्य तरलों के 20.81 प्रतिशत भाग पर विचार करे का आधार बताएं।	पीओएल और अन्य तरलों के भाग कार्गो आवागमन (जो कि मार्केट की मांग के अनुसार है) पर आधारित है।
	(iii) अप्रैल 2015 के प्रस्ताव के संबंध में जेएनपीटी ने उल्लेख किया था कि 'अन्य तरल कार्गो' श्रेणी में खाद्य तेल, शीरा और रसायन पर विचार नहीं किया गया था। ऊपर दिए गए विवरण के अनुसार अब अन्य तरलों का भाग घटाकर 20.81 प्रतिशत कर दिया गया है, जो पहले 32.61 प्रतिशत था। जेएनपीटी 'अन्य तरल कार्गो' श्रेणी के अंतर्गत आने वाले तरल पदार्थों की सूची दें।	अन्य तरल जैसे रसायन, शीरा और खाद्य तेल पर विचार किया गया है।

	(ग) पूंजी लागत: (i) जेएनपीटी, सिविल लागत संबंधी प्रत्येक मद की यात्रा का आधार प्रस्तुत करे और प्रहस्तन व बर्थिंग जैसी प्रत्येक गतिविधि के अंतर्गत सिविल पूंजी लागत के आकलन के लिए विचारित बेस-रेट के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करे।	
	(ii) जेएनपीटी अपने प्रस्ताव में विचारित प्रत्येक उपकरण की लागत का परिकलन प्रस्तुत करे। कथित उपकरणों के प्रत्येक की लागत के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करे।	
	(iii) प्रतीत होता है कि जेएनपीटी ने कार्गो प्रहस्तन गतिविधि के लिए पूंजी लागत में पाइप लाइनों की लागत को शामिल नहीं किया है। पाइप लाइनों की लागत शामिल न करने का कारण बताएं। यदि पाइप लाइनों की लागत को शामिल किया जाना है, तो लागत आकलन में संशोधन किया जाए। इस प्रकार विचारित पाइप लाइनों की लागत के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करें।	लागत का संशोधित आकलन वर्तमान बाजार भाव के अनुसार किया गया है। आकलित लागत में पाइप लाईनों को बिछाने की लागत शामिल नहीं की गई है। वर्तमान प्रस्ताव में भंडारण सुविधा के लिए निर्माण लागत को भी पृथक कर दिया गया है। इसलिए रिक्तीकरण सुविधा की पूंजी लागत पर विचार नहीं किया गया है।
	(iv) रिक्तीकरण सुविधाओं जैसे जल, वायु, नाइट्रोजन, बंकिग लाइनें, टैंक आटोमेशन व नियंत्रण व मॉनीटरिंग प्रणाली की पूंजी लागत को शामिल न करने का कारण बताएं।	
	(v) क्विक रिलीज हुक और फैंडर्स से संबंधित पूंजी लागत को शामिल न करने का कारण बताएं।	फैडर्स और क्विज रिलीज हुकों की लागत, लिक्विड बर्थों के निमार्ण के लिए विचारित दर में पहले ही जोड़ ली गई है।
	(vi) ड्रेजिंग लागत के संबंध में निम्न स्पष्ट करें/प्रस्तुत करें:-	
	(क) अप्रैल 2015 के प्रस्ताव में पत्तन द्वारा ड्रेजिंग लागत केवल 3.51 करोड़ रूपये आंकी गई है जबकि जून 2015 के संशोधित प्रस्ताव में ड्रेजिंग लागत 220.11 करोड़ रूपये आंकी गई है। ड्रेजिंग लागत में बढ़ोत्तरी के इतने अधिक अंतर के कारण का औचित्य क्या है।	बर्थ पॉकेट की ड्रेजिंग के संबंध में केवल वर्तमान प्रस्ताव में विचार किया गया है क्योंकि कार्याधीन क्षेत्र चौथे कंटेनर टर्मिनल के विकास क्षेत्र में पड़ता है। ड्रेजिंग की प्रति इकाई दर, बढ़ोत्तरी के साथ, जेएनपीटी द्वारा अनुमोदित दर पर रू. 225/सीयूएम है, जिसमें अपेक्षित ड्रेजिरों के इधर-उधर वहन के प्रभार भी शामिल हैं।
	(ख) ड्रेजिंग की दर प्रति इकाई के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण दें।	
	(घ) <u>प्रचालन लागत</u> (i) जेएनपीटी को विशेष अनुरोध के बावजूद भी जेएनपीटी द्वारा विद्युत लागत के लिए रू. 14.50 प्रति यूनिट के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण नहीं दिए गए हैं और उल्लेख किया गया है कि रू. 14.50 की प्रति यूनिट लागत एमएसईडीसीएल के अद्यतन प्रशुल्क बिल के अनुसार है।	ये दरें जेएनपीटी के दरमानों तथा उस पर 20 प्रतिशत सरचार्ज के अनुसार हैं।

	जेएनपीटी द्वारा विद्युत लागत की दर रु. 14.50 प्रति यूनिट के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण दिए जाएं। (ii) कार्गो प्रहस्तन और भंडारण कार्यों के लिए जल क्षेत्र और भू-क्षेत्र के लिए लाईसेंस के परिकलन के लिए 19.42 रु. प्रति वर्ग मीटर की आधार दर पर विचार किया गया है। जेएनपीटी जल-क्षेत्र की लाईसेंस फीस के लिए 19.42 रु. प्रति वर्ग मीटर की दर पर विचार करने का आधार बताएं।	
	(ङ) <u>राजस्व मांग व प्रस्तावित प्रशुल्क</u> **(i)** हमारे 14 अप्रैल, 2015 के पत्र के अंतर्गत विशेषअनुरोण के बावजूद जेएनपीटी द्वारा अनबर्थिंग के 6 घंटों का विस्तृत विवरण और अनबर्थिंग समय नहीं दिया गया है । जेएनपीटी द्वारा लिक्विड कार्गो वाले पोतों के संबंध में पिछले 3 वर्षों की सूचना दी जाए।	जेएनपीटी में लिक्विड कार्गो के पोतों के संबंध में 6 घंटों के अनबर्थिंग समय और औसतन अनबर्थिंग समय सामान्य तौर तरीकों के अनुसार हैं ।
	(च) <u>दरमान</u> (i) जेएनपीटी द्वारा मंहगाई के कारण प्रशुल्क के सूचकांक के संबंध में एक सामान्य नोट निर्धारित किया गया है कि प्रशुल्क सीमाएं, प्रासंगिक वर्ष की 01 जनवरी और 01 जनवरी, 2013 के बीच थोक मूल्य सूचकांक में बदलाव के 60 प्रतिशत तक ही सूचकांकित की जाएंगी क्योंकि जेएनपीटी ने उल्लेख किया है कि पूंजी लागत और प्रचालन लागत अनुमान अधिकांशत: वर्ष 2015 के प्रचलित बाजार भाव के समानांतर है, यद्यपि आकलन वर्ष 2013 में किया गया था। दस्तावेज प्रस्तुत करे। प्रशुल्क अनुसूची में यह सामान्य नोट उपयुक्तत: संशोधित किया जाए कि प्रशुल्क सीमाएं 01 जनवरी, 2015 और प्रासंगिक वर्ष की 01 जनवरी, 2015 के बीच थोक मूल्य सूचकांक के बदलावों का 60 प्रतिशत से अधिक सूचकांकित नहीं की जाएंगी।	प्राधिकरण द्वारा दिए गए सुझाव अनुपालन के लिए नोट कर लिए गए हैं।
	(ii) सरकार के नीति निर्देशों के अनुसार पीओएल प्रशुल्क में रियायत नहीं की जा सकती। इसीलिए प्रस्वावित संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची में पीओएल प्रहस्तन के लिए रियायती संदर्भ प्रशुल्क के प्रस्ताव का औचित्य बताएं।	प्राधिकरण के आदेश सं. टीएएमपी/4/2004-जनरल दिनांक 07 जनवरी, 2015, जिसमें पोत परिवहन, सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय का संप्रेषण सं. पीआर-14019/29/2001-पीजी दिनांक 01 जनवरी, 2005 का संदर्भ दिया गया है, के अनुसार यह निर्णय लिया गया है कि तापीय कोयला और क्रूड ऑयल सहित पीओएल को छोड़कर सभी तटीय कार्गो/कंटेनर के लिए कार्गो/कंटेनर संबंधी प्रभार सामान्य कार्गो/कंटेनर संबंधी प्रभारों के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। लेकिन पिछले प्रस्ताव में यह मुद्दा नहीं उठाया गया था। हम सहमत हैं कि पीओएल और क्रूड ऑयल से संबंधित तटीय कार्गो के लिए कोई रियायती प्रशुल्क का प्रस्ताव नहीं होगा।

इस संबंध में जेएनपीटी का विचार है कि 10.98 एमएमटीपीए का क्षमता परिकलन अपफ्रंट दिशानिर्देशों में दिए गए सूत्र पर आधारित है। तथापि इसे अन्य संबद्ध गतिविधियों के लिए आवश्यक समय घटकों को जैसे कि पोतों की बर्थिंग और डी-बर्थिंग, सीमा-कर, अनुमति सर्वेक्षण, उपकरण लगाना और उन्हें सेट करना जहां कहीं आवश्यक हो, प्रचालन के बाद सर्वेक्षण ,पायलटों द्वारा प्रतीक्षा तथा नौचालन के लिए अनुमति आदि को प्रभावित नहीं करता है। उपर्युक्त घटकों पर विचार करते हुए जेएनपीटी का मत है कि 2 बर्थों की वास्तविक क्षमता 7.5 से 8 एमएमटीपीए होगी। जेएनपीटी ने यह भी उल्लेख किया है कि 7.5एमएमटीपीए के कार्गोके प्रहस्तन के लिए परियोजना तैयार करते वक्त डीपीआर में भी कम से कम दो बर्थों की कनफिग्रेशन की मांग निर्धारित की गई है।

उपर्युक्त संसूचित चिश्रिसप्प संबद्ध गतिविधियों के लिए आवश्यक समय को शामिल करने संबंधी दिशानिर्देशों के बारे में जेएनपीटी की स्वीकारोक्ति के संबंध में उल्लेख है कि लिक्विड बल्क कार्गो सहित किसीभी वस्तु के लिए अपफ्रंट दिशानिर्देशों के निर्धारण में जैसा निर्धारित है इष्टतम क्वे क्षमता परिकलन में 70 प्रतिशत का प्रयोगी घटक की क्षमता के लिए परिकलन ककरने का उल्लेख है। फिर भी जेएनपीटी के द्वारा दो बर्थों के होने तथा यह कि बोर्ड द्वारा दो बर्थों की विशिष्टता को अनुमोदित कर दिया गया है और चूंकि डीपीआर में दो बर्थों की बात की गई है और यह कि किसी प्रत्याशी बोलीकार ने दो बर्थों के प्रति कोई आपत्ति नहीं की है यह प्राधिकरण दो बर्थो की विशिष्टता वाले संदर्भ प्रशुल्क के अनुमोदन के लिए आगे की कार्रवाई करती है ।

(vi) जेएनपीटी ने अपने प्रस्ताव में क्रूड आयल पाइप लाईन का आयामी उल्लेख 36'ø, पीओपी पाइप लाइन का 24'ø, खाद्य तेल पाइप लाइन का 20' ø और दो रसायन पाइप लाइनों का 16' ø व 8'ø किया है । पाइपलाइन आयाम और इष्टतम क्षमता परिकलन में विचारित प्रत्येक प्रकार के लिक्विड कार्गो की प्रहस्तन दरों के बीच तालमेंल स्थापित ककरने के लिए विशेष अनुरोध के संबंध में जेएनपीटी ने कहा है कि इष्टतम क्षमता परिकल में विचारित दरें 2008 के दिशानिर्देशानुसार हैं तथा पाइपलाइनों का आयाम आरएफपी

अवस्था के दौरान विस्तृत इंजीनियरी के दौरान तय किया जाएगा। इस संबंध में परामर्श दिया जाता है कि लेएनपीटी यह सुनिशित करे कि प्रचालक द्वारा विनियोजित पाइपलाइनें परियोजना की प्रहस्तन दरों और इष्टतम क्षमता के अनुरुप ही होंगी। इससे बढ़कर प्रयोक्ता के हित को ध्यान में रखते हुए जेएनपीटी से भी अनुरोधहै कि रियायतग्राही करार में पाइदपलाइनों की न्यूनतम आवश्यकता को भी ध्यान में रखे । वह यह भी सुनिश्चित करे कि प्रचालक उच्च आयाम वाली पाइपलाइनों और उच्चतर पंपिग दर का प्रयोग न करे जिसके परिणामस्वरुप सुविधा की इष्टतम क्षमता के निर्धारण के लिए विचारित निष्पादन की अपेक्षा लिक्विड कार्गो बर्थ पर उच्चतर निष्पादन प्राप्त होने लगे। जेएनपीटी को परामर्श दिया जाता है कि जहां प्रचालक उच्चतर आयाम की पाइपलाइनें लगाता है उन पर निगाह रखे और इस संबंध में रियायत करार में यदि आवश्यक हो तो उचित प्रावधान शामिल करे।

(vii) जेएनपीटी ने प्रस्तावित सुविधा के लिए 500000 वर्गमीटर (50 हेक्टेयर) भू-क्षेत्र और 82533 वर्गमीटर (8.25 हेक्टेयर) जल क्षेत्र आबंटित करने का प्रस्ताव किया है। जैसा कि पहले स्पष्ट किया गया है, 500000 वर्ग मीटर का क्षेत्र भण्डारण सुविधा के लिए निर्धारित किया गया है और इसे सफल बोली लगाने वाले को पट्टा किराया आधार पर टैंक फार्म निर्माण के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। चूंकि जेएनपीटी ने वर्तमान संदर्भित प्रस्ताव से भण्डारण प्रभारों की उगाही को असम्बद्ध करने का निर्णय लिया है, यह प्राधिकरण भण्डारण सुविधा के लिए निर्धारित किए जाने के लिए संकल्पित क्षेत्र के उपयोग, पर्याप्तता अथवा अपर्याप्तता पर गहराई से विचार नहीं करना चाहता। प्रसंगवश, जेएनपीटी ने प्रचालन लागत परिकलन में 50 हैक्टेयर भूमि के लिए पट्टा किराया और बिजली प्रभारों में अलग अलग नहीं दिखाया गया है। विभक्त नहीं किया गया है।

(viii). इष्टतम क्षमताः

(क) तरल कार्गो अर्थात कच्चा तेल, पीओएल और अन्य तरल की क्रमशः 5.68%, 46.95% और 47.37% के प्रतिशत हिस्से और उक्त तरल कार्गो के क्रमशः 120000 टन/दिन, 24000 टन/दिन और 7200 टन/दिन और 70% उपयोगिता के प्रहस्तन प्रभारों पर विचार करते हुए, जेएनपीटी, ने दो बर्थ संस्थिति के लिए 10.98 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) पर निर्धारित की है।

(ख) सूचित किया गया है कि तरल कार्गो अर्थात कच्चा तेल, पीओएल और अन्य तरलों के क्रमशः 5.68%, 46.95% और 47.37% के प्रतिशत हिस्सा हाल ही की परिवहन स्थिति के आधार पर है। प्रत्याशी बोली-कर्ताओं में से एक यानी मैसर्ज आईएमसी लिमिटेड (आईएमसीएल) के निवेदन के आधार पर कि टर्मिनल के लिए संकल्पित क्षमता पीओएल प्रहस्तन की ओर झुकी हुई है, जेएनपी ने पीओएल के विभिन्न तारीखों में प्रस्तुत प्रस्तावों के पूर्वानुमानों में 64 से 79 प्रतिशत तक घटौती करते हुए नवीनतम प्रस्ताव में यह भाग लगभग 47% कर दिया है। एक अन्य प्रत्याशी बोलीकर्ता मैसर्ज अडानी पोर्टस और स्पेशल इक्नामिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजैडएल) का यह मत था कि कच्चे तेल की क्षमता का आबंटन कम होना चाहिए। एपीएसईजैडएल द्वारा किया गया अनुरोध कार्य द्वारा समर्थित प्रतीत नहीं होता। सुविधा पर प्रहस्तित किए जाने वाले प्रत्येक प्रकार के तरल कार्गो के संबंध में कार्गो के भाग के संबंध में पत्तन के निर्णय पर विश्वसनीय है।

(ग) जेएनपीटी द्वारा सुविचारित कच्चे तेल, पीओएल और अन्य तरलों के लिए प्रहस्तन दर क्रमशः 120000 टन/दिन, 24000 टन/दिन और 7200 टन/दिन की प्रहस्तन दरें कथित कार्गो के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारण दिशा-निर्देशों, 2008 में निर्धारित प्रहस्तन दरों के समान प्रतीत होती है। एपीएसईजैडएल ने बताया है कि कच्चे तेल के संबंध में सुविचारित 5000 टन प्रति घण्टे की प्रहस्तन दर लिक्विड बर्थों के मामले में प्राप्त करना संभन नहीं होती। लेकिन, एपीएसईजैडएल ने अपनी दलील के समर्थन में वैकल्पिक कोई प्रहस्तन दर भी नहीं सुझाई है। चूंकि जेएनपीटी द्वारा कच्चे तेल, पीओएल और अन्य तरलों के लिए सुविचारित प्रहस्तन दर कथित कार्गो मदों के लिए अपफ्रंट दिशा-निर्देशों, 2008 में निर्धारित प्रहस्तन दरों के अनुरूप है, अतः इन पर ही विश्लेषण में विचार किया जा रहा है।

(घ) कार्गो भाग और प्रत्येक कार्गो की प्रहस्तन दर पर, जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, विचार करते हुए, प्रस्तावित एएलबीटी सुविधा, दो बर्थ संस्थिति के लिए इष्टतम क्षमता, जो सुविधा में सृजित की जाने वाली संकल्पना की 70% उपयोगिता पर 10.98 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष निकलती है।

संदर्भित मामले से संबंधित कार्यवाही के दौरान, भावी बोलीकर्ताओं में से एक अर्थात एपीएफईजैडएल ने बताया कि चूंकि क्षमता का विभिन्न पहलुओं पर प्रभाव पड़ता है अर्थात पाइपलाइन के आकार, जेट्टी की लंबाई, कार्गो का प्रहस्तन और कार्गो की ढुलाई, अतः क्षमता पर उक्त सभी पहलुओं में न्यूनतम विचार किया जाता है। इस संबंध में, यह कहना है कि यह मान लेना उपयुक्त होगा कि तरल बल्क टर्मिनल से संबंधित अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 में विनिर्दिष्ट प्रहस्तन मानदंड, जिन्हें जेएनपीटी द्वारा संदर्भित मामले में अपना प्रस्ताव बनाने में आधार के रूप में सुविचारित किया गया है, एपीएसईजैडएल द्वारा उल्लिखित कारकों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए था। जहां तक पाइपलाइन के आकार और जेट्टी की संस्थिति का संबंध है, इस मामले पर पहले के पैरा में विस्तार से चर्चा की गई है।

एक अन्य भावी बोलीकर्ता अर्थात वोपक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (वीआईपीएल) का विचार है कि चूंकि आने वाले वर्षों में चरणों में यातायात बढ़ेगा, इष्टतम बर्थ क्षमता वास्तविक यातायात का प्रतिनिधित्व नहीं करती और इसलिए वीआईपीएल ने बतया है कि प्रशुल्क आकलन प्रक्षेपित संवर्धित यातायात पर आधारित होना चाहिए न कि इष्टतम बर्थ क्षमता पर। वीआइपीएल के अनुरोध के बारे में यहां यह उल्लेख करना संगत होगा कि अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्दश, 2008 में सुवधिा के लिए प्रशुल्क निर्धारित करने के आधार के रूप में किसी सुविधा की इष्टतम क्षमता पर विचार करने की शर्त है। जब जोर किसी परियोजना के आरंभ से पूर्व कुछेक मानदंडों के आधार पर अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारण करने पर है तो भविष्य में सुविधा में प्रहिस्तत किये जाने वाले संकल्पित यतायात पर विचार करने का प्रश्न नहीं उठता।

कच्चे तेल, पीओएल और अन्य तरल पदार्थों के प्रहस्तन दर पर विचार करते समय, जैसा कि 2008 के अपफ्रंट दिशानिर्देशों में निर्धारित है, और प्रत्येक कार्गो के भाग को ध्यान में रखते हुए, 10.98 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष की इष्टतम क्षमता, जेसी कि पत्तन द्वारा प्रस्तावित की गई है, पर विश्लेषण में विचार किया जाता है।

(ix) पूंजीगत लागत

(क) डीपीआर, जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का एक अंग हैं, में दर्शाया गया है कि कुल परियोजना लागत 1127.52 करोड़ रूपये है। तथापि जेएनपीटी ने अपने प्रस्ताव में प्रतीत होता है कि केवल 686.68 करोड़ रूपये की पूंजीगत लागत पर विचार किया है। यह देखा गया कि प्रस्ताव में मुख्य घटौती, भंडारण कार्यकलाप से संबंधित पूंजीगत लागत क न जोड़ा जाना है। इसके अतिरिक्त, कुछेक सिविल कार्यों और मकैनिकल कार्यों की लागत को जेएनपीटी द्वारा कम कर दिया गया है। पत्तन का पूंजीगत लागत को डीपीआर की तुलना से कम स्तर पर विचार करने के निर्णय पर विश्लेषण में भरोसा किया गया है।

(ख) प्रहस्तन कार्यकलाप

प्रहस्तन कार्यकलापों के लिए पूंजीगत लागत, जैसा जेएनपीटी ने आकलन किया है, 625.85 करोड़ रूपये है जिसमें से 526.79 करोड़ रूपये का आकलन सिविल पूंजीगत लागत से संबंधित है और शेष पूंजीगत लागत से संबंधित है और शेष 99.06 करोड़ रूपये उपकरण पूंजीगत लागत से संबंधित हैं।

(i). सिविल कार्य

(क) 526.79 करोड़ रूपये तक की तरल कार्गों के प्रहस्तन से संबंधित अनुमानित सिविल लागत, अप्रोच ट्रैस्ल, वाकवेज, अन्य लागतों (भवन, नियंत्रण, कक्ष, सब स्टेशन, सुरक्षा, निगरानी मीनार, टीएलएफ ढ़ांचा आदि) से संबंधित है और विविध लगात 5 प्रतिशत की दर से है। अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश तरल कार्गों टर्मिनल के लिए निहित सिविल निर्माण कार्यों का मोटे तौर पर संकेत करते है और पत्तन से सिविल लागत के अनुमान की अपेक्षा करते हैं। सुविधा में किये जाने के लिए प्रस्तावित सिविल कार्गों टर्मिनल के लिए दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट सिविल निर्माण कार्यों की मानकीय सूची के अनुसार ही होती है। भंडारण यार्ड और टंकी-संचयन की सिविल निर्माण लागत को वर्जित करना जेएनपीटी के निर्णय से उठा प्रतीत होता है कि भंडार कार्यकलाप को प्रस्ताव में से हटा दिया जाए।

(ख) जेएनपीटी ने बताया है कि प्रत्येक सिविल निर्माण कार्य की दर 2013 की व्यवहार्यता रिपोर्ट के अनुसार है। दिया गया है कि डीपीआर में पूंजीगत लागत अनुमानों में सुविचारित यूनिट दर में इसी बीच की अवधि के दौरान काफी सार्थक परिवर्तन हुआ होगा, जेएपीटी को अपनी पूंजीगत लागत को अद्यतन करने का एक अवसर दिया गया ताकि पमंजीगत लागत संदर्भित वर्ष में प्रचलित इकाई दर के अनुसार हो सके। इस संबंध में जेएनपीटी ने मत प्रकट किया कि यद्यपि अनुमान वर्ष 2013 के हैं, परन्तु वे 2015 में प्रचलित बाजार के अनुरुप है। इसके मद्देनज़र, पूंजीगत लागत अनुमान, जैसा कि पत्तन ने प्रस्तुत किया है पर विश्वास किया जाता है।

(ग) सिविल पूंजीगत लागत के अंतर्गत, जेएनपीटी ने विविध पूंजीगत लागत को सिविल लागत अनुमानों के 5 प्रतिशत की दर पर आकलित किया है। इसीप्रकार, जेएनपीटी ने विविध पूंजी लागत को अपुमानित उपकरण लागत के 5 प्रतिशत की दर पर आकलति किया है। यहां यह उल्लेख करना संगत होगा कि अपफ्रंट प्रशुलक दिशानिर्देश, 2008 में विविध पूंजीगत लागत का आकलन कुल आकलित सिविल और

उपकरण लागत के 5 प्रतिशत की दर पर करना विनिर्दिष्ट किया है। इसके स्थान पर जेएनपीटी ने पूंजीगत लागत की संबंधित श्रेणी के अंतर्गत विविध लागत पर अलग-अलग सुविचार किया है।

(ii) उपकरण लागत

(क) उपकरण लागत ढुलाई/उतराई उपकरणों, जेट्टी के लिए अग्निशमन प्रणाली, विद्युत कार्य और विविध लागत 5 प्रतिशत की दर से, शामिल है। सुवधि में लगाये जाने के लिए प्रस्तावित उपकरणों की प्रकृति सामान्यत: तरल कार्गों टर्मिनल के दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट उपकरणों की मानकीय सूची के अनुरूप होती है।

(ख) जेएनपीटी ने उपकरणों की लागत के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। इसने बस यह उल्लेख किया है कि उपकरणों की लागत व्यवहार्यता रिपोर्ट 2013 के अनुसार है और कि वह भी 2015 की प्रचलित बाजार दरों के अनुरूप है। जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत उपकरणों की प्रत्येक मद के लिए उपकरण लागत पर विचार किया गया है।

(ग) पूर्व में बताए गए कारणों के लिए, विश्लेषण में अनुमानित उपकरण लागत के योग के के 5 प्रतिशत की दर पर विविध पूंजीगत लागत के आकलन पर विचार किया गया है।

(ग) लंगरगाह कार्यकलाप

(i) जेएनपीटी ने लंगरगाह कार्यकलापों से संबंधित पूंजीगत लागतों का आकलन 60.83 करोड़ रूपये किया है। यह आकलित लागत सर्विस प्लेटफार्म, ब्रैस्टिंग डालफिन, मुरिंग डालफिन, निकर्षण और 5 प्रतिशत की दर पर विविध लागत शामिल हैं।

(ii) जेएनपीटी ने बताया है कि लंगरगाह कार्यकलाप के अंतर्गत सिविल कार्य की प्रत्येक मद की दर व्यवहार्यता रिपोर्ट 2013 के अनुसर है। पूर्व में दिये गए कारणों से, पत्तन द्वारा आकलित की गई राशि पर विश्वास किया जाता है।

(iii) रूपये 4.42 करोड़ की ड्रेजिंग-लागत के संबंध में, लागत केवल बर्थ पॉकेट ड्रेजिंग के लिए ही है। ड्रेजिंग की दर के बारे में सूचित किया गया है कि यह जेएनपीटी द्वारा हाल ही में किये गए पूंजी ड्रेजिंग की दर पर आधारित है जिस पर भरोसा किया जा सकता है।

(iv) जेएनपीटी ने लंगरगाह कार्यकलापों के संबंध में विविध पूंजीगत लागत को आकलित पूंजीगत लागत के 5 प्रतिशत की दर पर आकलित किया है। यद्यपि अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारण दिशानिर्देश, 2008 प्रहस्तन कायेक्लाप के मामले में कूल आकलित सिविल लागत के 5 प्रतिशत की दर पर विविध पूंजीगत लागत को विनिर्दिष्ट करते है, परन्तु शानिर्देश में लंगरगाह सेवा के अंतर्गत विविध पूंजीगत लागत के आकलन के लिए विशेष रूप से कुछ भी उल्लेख नहीं है। यह नोट करने योग्य है कि विभिन्न महापत्तन न्यासों पर विभिन्न परियोजनाओं के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारण से संबंधित अनेकों मामलों मं लंगरगाह सेवा के अधीन फुटकर व्ययों को वहन करने के लिए विविध पूंजीगत लागत 5 प्रतिशत पर रखी जाती है। विभिन्न मामलों में सुविचारित स्थिति को ध्यान में रखकर, बर्थ की पूंजीगत लागत का 5 प्रतिशत लंगरगाह सेवा के अंतर्गत विविध पूंजीगत लागत के हिसाब से लिया गया है, जैसा पत्तन ने प्रस्ताव किया है।

(घ) संदर्भित मामले से संबंधित कार्यवाही के दौरान, एपीएसई जैडएल ने एक सामान्य उल्लेख किया कि विभिन्न परिसंपत्तियों के लिए जेएनपीटी द्वारा सुविचारित पूंजीगत लागत अपर्याप्त है। फिर भी, इसने कोई वैकल्पिक पूंजीगत लागत का सुझाव नहीं दिया कि जिस पर संदर्भित मामले में विचार किया जा सके। पूंजीगत लागत, जैसी कि जेएनपीटी ने आकलित की है, पूर्व के पैराओं में चर्चा के अनुसार भरोसा किया जाता है।

(x) नियोजित पूंजी पर, दिशानिर्देशों में निर्धारित मानदंडों के अनुसार, प्रत्यागम 16 प्रतिशत परिकलित किया गया है।

(xi) प्रचालन लागत

(क) कार्गो प्रहस्तन कार्यकलाप

(i) विद्युत लागत

पत्तन द्वारा 8.25 हेक्टेयर जल क्षेत्र के प्रदीपन के लिए2,40,000 यूनिट प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष 14.5 रूपये प्रति यूनिट की दर से आकलन किया गया है।

प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष प्रदीपन के लिए 2,40,000 यूनिटों का उपभोग अपफ्रंट दिशानिर्देशों में निर्धारित मानदंडों के अनुसार है। विशिष्ट अनुरोध के बावजूद, जेएनपीटी ने 14.50 रूपये प्रति यूनिट की दर के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। पत्तन ने बताया है कि 14.50 रूपये की यूनिट लागत एमएसईडीसीएल के नवीनतम प्रशुल्क बिल के अनुसार है। जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत उत्तर पर भरोसा करते हुए, विद्युत की यूनिट लागत 14.50 रूपये जैसा कि पत्तन ने आकलित की है, पर विश्लेषण में विचार किया गया है।

(ii) जेएनपीटी द्वारा मरम्मत और अनुरक्षण लागत सिविल परिसंपत्तियों के 1 प्रतिशत और उपकरण लागतों का 2 प्रतिशत आकलित की गई है। यह दिशानिर्देशों में निर्धारित मानदंडों के अनुरूप है, इसलिए स्वीकृत की जाती है।

(iii) जेएनपीटी द्वारा बीमा लागत और अन्य व्यय, सकल स्थायी परिसंपत्तियों के 1 प्रतिशत पर आकलित किया गया है। यह भी दिशानिर्देशों में निर्धारित मानदंडों के अनुरूप है इसलिए स्वीकृत है।

(iv) जेएनपीटी द्वारा मूल्य ह्रास सिविल लागत के 3.34 प्रतिशत की दर पर और उपकरण लागत के 10 प्रतिशत पर परिकलित की गई है। सिविल लागत और उपकरण लागत पर मूल्यह्रास की दर जेएनपीटी के दिसम्बर 2013 के आदेश में अपनायी गई मूल्यह्रास दरो के अनुसार पाई गई हैं जहां जेएनपीटी ने पुष्टि की थी कि मूल्यह्रास की कथित दरें कंपनी अधिनियम, 2013 में निर्धारित मूल्यह्रास के अनुसार हैं।

(v) लाइसेंस शुल्क

अपफ्रंट प्रशुल्क के दिशानिर्देश विनिर्दिष्ट करते हैं कि पत्तन भूमि के लिए लाइसेंस का आकलन संबंधित महापत्तन न्यासों के दरमानों में निर्धारित दरों पर आधारित है। पत्तन द्वारा लाइसेंस शुल्क का आकलन 82533 वर्गमीटर जल क्षेत्र के लिए 19.42 रूपये प्रति वर्गमीटर प्रति माह की दर के 50 प्रतिशत तक किया गया है। 19.42 रूपये प्रति वर्गमीटर प्रति माह की दर को फरवरी 2009 में जएनपीटी में चौथे कंटेनर टर्मिनल के अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारण में सुविचारित दरों के आधार पर अपनाया गया है।

इस संबंध में, यह नोट करने योग्य है कि जेएनपीटी स्थित संपदा किराये का संशोधन अतिशोध्य है। विभिन्न अवसरों पर जेएनपीटी को किये गए अनुरोधों के बावजूद जेएनपीटी ने भू-

नीति दिशानिर्देशों में निहित अनुबंधों के आधार पर अपनी संपदा किराये के संशोधन का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है। पट्टा किराया, जैसा कि जेएनपीटी द्वारा आकलित किया गया है, पर विश्लेषण में भरोसा किया जाता है।

(ख) लंगरगाह कार्यकलाप

दिशानिर्देशों में अपेक्षित है कि लंगरगाह सेवा के लिए प्रचालन लागत, बर्थ लागत का 1 प्रतिशत आकलित की जाए। अनुरक्षण लागत के अतिरिक्त, जेएपनीटी ने लंगरगाह सेवा की प्रचालन लागत का आकलन करते समय बीमा और मूल्यह्रास को भी सुविचारित किया है।

यद्यपि दिशानिर्देश प्रचालन लागत को बर्थ लागत के 1 प्रतिशत तक प्रतिबंधित करते हैं, परिसंपत्ति को पर्याप्त बीमा कवरेज भी अपेक्षित होता है और यह भी तथ्य है कि परिसंपत्ति के मूल्य में टूट-फूट के कारण ह्रास भी होता है। इसे नकारा नहीं जा सकता अन्य महापत्तन न्यासों पर अपफ्रंट बर्थ किराया निर्धारित करते समय, इस स्थिति को मान्य किया गया और लंगरगाह सेवा से वार्षिक राजस्व अपेक्षा के निर्धारण के लिए बीमा तथा मूल्यह्रास विचार किया गया।

ऊपर स्पष्ट की गई स्थिति को ध्यान में रखकर इस मामले में भी बर्थ किराया सेवा से राजस्वअपेक्षा के निर्धारिण के लिए प्रचालन लागत का आकलन करते समय 1 प्रतिशत की दर पर बीमा लागत और 3.34 प्रतिशत की दर पर मूल्यह्रास लागत तत्वों पर विचार किया गया।

(xii) एएलबीटी के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारण के संबंध में जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत विवरण को उपरोक्त विश्लेषण के अनुरूप आशोधित कर दिया गया है। आशोधित विवरण की प्रति **अनुलग्नक-1 (क)** पर संलग्न है।

(क) कार्गो प्रहस्तन कार्यकलाप:

(i) तरल कार्गो प्रहस्तन कार्यकलाप के लिए वार्षिक राजस्व अपेक्षा, जो प्रचालन लागत और नियोजित पूंजी पर प्रतिफल का योग होती है, 151.24 करोड़ रूपये निकलती है जैसी कि पत्तन द्वारा आकलित की ई है।

(ii) जेएनपीटी ने कुल राजस्व् अपेक्षा के 95 प्रतिशत को प्रहस्तन प्रभारों और 5 प्रतिशत विविध प्रभारों में प्रभाजित किया है, जेसा कि तरल बल्क टर्मिनल के लिए अपफ्रंट दिशानिर्देशों में निबंधित हैं।

(iii) पिछले 2-3 वर्षों के लिए विदेशों से तटीय कार्गो के अनुपात के आधार पर जेएनपीटी ने एलबीटी में प्रहस्तित किये जाने वाले तीनों प्रकार के कार्गो विदेशी कार्गो को 64 प्रतिशत और तटीय कार्गो का 36 प्रतिशत अनुपात पर विचार किया। इस स्थिति पर विश्लेषण में भरोसा किया जाता है।

(iv) सरकार की तटीय रियायती नीति के अनुसार कच्चे तेल सहित पीओएल रियायती प्रशुल्क के पात्र नहीं है। तदनुसार, जेएनपीटी ने कच्चे तेल और पीओएल के लिए किसी तटीय दर का प्रस्ताव नहीं किया है और सरकारी नीति के अनुरूप अन्य तरल पदार्थों के लिए तटीय कार्गो दरें प्रस्तावित की हैं।

(v) कार्गो प्रहस्तन कार्यकलाप से संबंधित वार्षिक राजस्व अपेक्षा के आकलन को ध्यान में रखकर, प्रत्येक कार्गो की प्रहस्तन दर और विदेशी/तटीय कार्गो के व्यक्तिक संयोजन के आधार पर प्रति टन प्रहस्तन प्रभार को निर्धारण किया है ताकि आकलित राजस्व मांग को प्राप्त किया जा सके। लेकिन, कच्चे तेल और पीओएल जैसे तरल कार्गो को कोई तटीय रियायत नहीं मिलती (सरकारी नीति के आधार पर) अत: कच्चे तेल और पीओएल के संबंध में प्रति टन दर पर पहुचने के लिए तटीय रियायत को विभाजित करने का प्रश्न नहीं उठता। इसलिए, अन्य तरलों के संबंध में प्रति टन दर के परिकलन में तटीय रियायत को विभाजित किया गया है। ऐसी पद्धति को इस प्राधिकरण द्वारा दिसम्बर 2013 में एएलबीटी के लिए संदर्भ प्रशुल्क निर्धारण करते समय स्वीकार किया गया था। इस संबंध में एक परिकलन अनुलग्नक 1(ख) के रूप में संलग्न है।

(vi) कुछेक भावी बोलीकर्ताओं अर्थात वीआईपीएल, और एपीएसईजैडएल ने कच्चे तेल और पीओएल तथा अन्य तरल पदार्थों के प्रति टन प्रहस्तन दरों की अपर्याप्तता प्रकट की है। वीआईपीएल और एपीएसईजैडएल के अनुसार, कच्चे तेल और पीओएल की प्रतिटन प्रहस्तन दरें काफी कम हैं। लेकिन, अन्य तरल पदार्थों के संबंध में, जबकि वीआईपीएल ने "अन्य तरल पदार्थों" के लिए उच्च प्रशुल्क रखने के जेएनपीटी के प्रस्ताव की प्रशंसा की है क्योंकि इससे टर्मिनल प्रचालक को अधिक शिथिलता प्राप्त होगी, वहीं एपीएसईएल की यह राय थी कि दरें काफी ऊंची हैं और कि कथित उच्च उगाही कार्गों को प्रस्तावित सुविधा से दूर ले जायेगी।

इस संबंध में, यहां यह उल्लेख करना संगत होगा कि प्रति टन दर इस स्तर पर पूंजीगत लागत और प्रचालन लागतों को हिसाब में लेकर निकलती है जैसा कि जेएनपीटी ने आकलित किया है। इसके अतिरिक्त,

प्रति टन दर निर्धारिण के लिए अपनायी गई प्रक्रिया अन्य महापत्तन न्यासों के मामलों में संदर्भ प्रशुल्क में अपनायी गई प्रक्रिया के अनुरूप है।

(vii)प्रहस्तन कार्यकलापों औ कुल इष्टतम क्षमता से संबंधित कुल राजस्व अपेक्षा के 5 प्रतिशत पर विचार करते हुए विविध उगाही 6.88 रूपये प्रति टन निकलती है। विविध उगाही, पिगिंग, कम्प्रैशर प्रभारों, वाष्पीकरण प्रभारों और ऐसे अन्य संगत प्रभारों जैसे सेवाओं को दायरे में रखते हुए की जाती है।

(ख) लंगरगाह कार्यकलाप:

पहले स्पष्ट किया गए विश्लेषण के आधार पर, लंगरगाह सेवा से राजस्व अपेक्षा 12.93 करोड़ रूपये परिकलित होती है, जैसी कि पत्तन द्वारा आकलित की गई है।

एएलबीटी में प्रहस्त होने वाले प्रस्तावित प्रत्येक कार्गो के टन भार और कच्चे तेल पोतों के मामले में 12,000 टन प्रतिदिन, पीओएल पोतों के लिए 24,000 टन प्रति दिन और अन्य तरल पदार्थों के मामले में 7200 टन प्रतिदिन की प्रतिदिन पोत उत्पादकता को हिसाब में लेते हुए जेएनपीटी बर्थ दिवसों की संख्या पर पहुंचा है। तत्पश्चात, 24 घंटे प्रति दिन के कारक पर विचार करते हुए, जेएनपीटी कार्गों की प्रत्येक किस्म के लिए बर्थ घंटों की संख्या पर पहुंचा है। तत्पश्चात, जेएनपीटी ने प्रति पोत 6 घंटे के डी-बर्थिंग समय पर विचार किया है। सूचित किया गया है कि समय खंड परीधीय कार्यकलापों, पोतों के बर्थिंग और डी-बर्थिंग सहित, सीमा शुल्क क्लीयरेंस प्राप्त करने, सर्वेक्षण (जहां कहीं आवश्यक हो) उपकरणों की अवस्थिति और उपकरणों का अंत: संपर्क,

सर्वेक्षण पश्च प्रचालन(जहां कहीं आवश्यक हो), पायलटों के लिए प्रतीक्षालय और नौचालन के लिए क्लीयरेंस शामिल है। दूसरे शब्दों में, पोत को अपने कार्गो प्रचलानों के पूरा होने के अपेक्षित समय के अतिरिक्त, पोत औसतन 6 घंटे और रूका रहेगा ताकि उक्त कार्रवाईयां पूरी हो सकें। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर जेएनपीटी ने बर्थ किराये के परिकलन में प्रतिपोत 6 घंटे का समय और जोड़ा है ताकि कुल जीआरटी घंटों तक पहुंचा जा सके।

इस संबंध में, यहां यह उल्लेख करना संगत है कि कार्गो प्रचालनों के लिए अपेक्षित समय के अतिरिक्त कोलकाता पत्तन न्यास (केओपीटी), कोच्चीन पत्तीन न्यास (सीओपीटी) स्थित कुछेक अपफ्रंट प्रशुल्क मामलों में अतिरिक्त समय पर भी विचार किया गया है। लेकिन इन मामलों में, लंगर उठाने से संबंधित अवधि को इष्टतम क्षमता परिकलन के साथ-साथ बर्थ किराया परिकलन में जोड़ा गया है।

जेएनपीटी के मामले में जेएनपनीटी द्वारा किसी पोत को कार्गो प्रचालन का कार्य पूरा करने के पश्चात कुछ और अवधि के लिए पोत के रूकने का कारण देना तो प्रकृति में सामान्य है वह जेएनपीटी के लिए ही अलग से नहीं है। इसके अतिरिक्त जेएनपीटी के मामले में, जेएनपीटी ने केवल बर्थ किराये के परिकलन में अतिरिक्त समय को जोड़ा है क्षमता परिकलन में नहीं। इस प्रकार, जब किसी सुविधा की इष्टतम क्षमता का परिकलन 6132 घंटे (यानी 24 घंटे X 365 दिन X 70 प्रतिशत) के उपायो के आधार पर किया जाता है तो जेएनपीटी द्वारा 8242 घंटों की अवधि के लिए बर्थ किराया के परिकलन को कार्यघंटों में अंतर होन के कारण हिसाब में नहीं लिया जा सकता। उक्त स्थिति को देखते हुए, जेएनपीटी द्वारा सुविचार लंगर उठाने के समय के 6 घंटों के अतिरिक्त समय को बर्थ किराया प्रभारों के परिकलन में जोड़ा नहीं जाता।

पोतों के औसत जीआरटी और प्रचालन घंटे 12264 (6132 घंटे प्रति बर्थ x 2 बर्थ) घंटे में विदेशगामी तथा तटीय पोतों के 64:36 के अनुपात पर विचार करते हुए, बर्थ किराया प्रभार विदेशगामी पोतों के मामले में 0.35 प्रति जीआरटी प्रति घंटा और तटीय पोतों के मामले में 0.21 प्रति जीआरटी प्रति घंटा निकलता है।

इस संबंध में, यहां पर उल्लेख करना संगत होगा कि लंगरगाह कार्यकलाप में दोनों बर्थों के संदर्भ के हवाले से पूंजीगत लागतों और प्रचालन लागतों सभी पर सुविचार किया गया है। इसलिए, ऊपर निकाला गया बर्थ किराया दोनों बर्थों के लिए लागू है। किसी पोत द्वारा किसी एक बर्थ का अधिभाग करने के मामले में, केवल एक बर्थ के लिए संगत दर लागू होनी चाहिए। इस प्रकार, यदि किसी पोत द्वारा केवल एक बर्थ का अधिभोग किया जाता है तो अपफ्रंट बर्थ किराया दर विदेशगामी पोत के लिए 0.14 रूपये प्रति जीआरटी प्रतिघंटा अथवा उसके एक भाग के लिए होगी तथा तटीय पोतों के मामले में 0.085 रूपये प्रति जीआरटी प्रतिघंटा अथवा उसके एक भाग के लिए लागू होगी। इस संबंध में एक उपयुक्त टिप्पणी बर्थ किराया प्रभारों के अंतर्गत संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची में दी गई है। ऐसी ही प्रक्रिया विशाखापत्तनम पत्तन न्यास में शुष्क बल्क कार्गो प्रहस्तन के लिए भीतरी बंदरगाह के पश्चिमी क्वे-उत्तरी बर्थ (डब्ल्यूक्यू-7 और डब्ल्यू क्यू –8) के विकास के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारण करते समय, एमबीपीटी अर्थात ऑफशोर बहुउद्देशीय कार्गो बर्थ और हार्बर वॉल बर्थ स्थित दो परियोजनाओं के संदर्भ- प्रशुल्क निर्धारण के साथ-साथ एएलबीटी के लिए दिसम्बर, 2013 में पहले पारित आदेश के समय भी अपनायी गई थी।

इस प्राधिकरण द्वारा ही यह निर्णय लिया गया है कि अन्य महापत्तन न्यासों के अपफ्रंट बर्थ किराया प्रभार अनुमोदित करने में केवल 'रूपया' में ही किया जायेगा। रूपये में बर्थ किराये का जेएनपीटी का प्रस्ताव इस प्राधिकरण द्वारा अन्य अपफ्रंट प्रशुल्क मामलों में लिए गए निर्णय के अनुरूप है।

(xiii) प्रस्तावित संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची में, जेएनपीटी ने विदेशगामी पोत, नि:शुल्क अवधि, पत्तन, टीएएमपी और टन जैसी सामान्य शब्दावली की परिभाषाएं प्रस्तावित की हैं। ये परिभाषाएं अन्य अपफ्रंट प्रशुल्क मामलों और अन्य महापत्तनों और निजी टर्मिनलों के मामलों में निर्धारित संगत शब्दावली के अनुरूप है।

(xiv) पोत परिवहन मंत्रालय (एमओएस) में भारत सरकार द्वारा अपने पत्र सं. पीटी-11033/51/2014-पीटी दिनांक 11 नवम्बर, 2014 के कवर में पत्र सं. पीटी-11033/51/2014-पीटी दिनांक 4 सितम्बर, 2014 द्वारा जारी किए गए महापत्तन में तटीय पोतों की वरीयता बर्थिंग पर दिशा-निर्देशों की प्रति इस प्राधिकरण को अग्रेषित की थी। एमओएस ने स्पष्ट कियसा है कि उक्त दिशा-निर्देश जारी किए जाने की तारीख अर्थात् 4 सितम्बर, 2014 से लागू होंगे। तदनुसार, इस प्राधिकरण ने अपने 28 नवम्बर, 2014 के

आदेश टीएएमपी-52/2014-जन के द्वारा अन्य के साथ वर्तमान एसओआर में निर्धारित "तटीय पोत"की परिभाषा को निम्नवत प्रतिस्थापित कर दिया:

"तटीय पोत" का अर्थ होगा पोत परिवहन महानिदेशक/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए वैद्य तटीय लाइसेंस वाला भारत में किसी पत्तन अथवा स्थान से भारत में किसी अन्य पत्तन अथवा स्थान के बीच व्यापार में पूरी तरह से विनियुक्त कोई पोत होगा।

इसलिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तावित तटीय पोत की परिभाषा को "तटीय पोत" की उपरोक्त परिभाषा के साथ आशोधित कर दिया गया है।

(xv) जेएनपीटी ने विलम्बित भुगतानों/धन वापसी पर ब्याज की उगाही, बिलों को पूर्ण रूपये में करना, टर्मिनल आपरेटर के कारण उपयुक्त स्तर से अधिक विलम्ब के लिए प्रभारों की उगाही न करने, जैसी सोपाधिकताओं किसी पोत के विदेशगामी पोत अथवा तटीय पोत के रूप् में वर्गीकरण के मानदंड निर्धारण संबंधी सोपाधिकता, 60 प्रतिशत रियायती प्रशुल्क निर्धारण संबंधी सोपाधिकता, टर्मिनल प्रचालक की उच्चतम सीमा से कम प्रभारों की उगाही के लिये शिथिलता प्रदान करने संबंधी सोपाधिकताएं जैसी सामान्य सोपाधिकताएं, प्रस्तावित की हैं जो विभिन्न महापत्तन न्यासों के अपफ्रंट प्रशुल्क अनुसूची में निर्धारित सामान्य सोपाधिकताओं के अनुरूप पाई गई हैं।

(xvi) बर्थ किराया अनुसूची में, बर्थ किराया अवधि का परिकलन पोत द्वारा अधिकभाग समय से परिकलित करना, बर्थ किराया में बर्थ पर प्रदान की जाने वाली सेवाओं जैसें, बर्थ का अधिभोग, कूड़ा-कर्कट हटाना, बर्थ की सफाई, फायर-वाच, आदि के प्रभार शामिल हैं, और जब पोत बर्थ पर लगातार एक घंटे या अधिक की अवधि के लिए टर्मिनल प्रचालक के उपकरण खराब होने अथवा बिजली न होने अथवा टर्मिनल प्रचालक की वजह से किन्ही अन्य करणों से बेकार खड़ा रहता है कोई बर्थ किराया नहीं उगाहा जायेगा जैसा सामान्य सोपाधिकताएं पत्तन के दरमानों और अन्य अपफ्रंट प्रशुल्क अनुसूची में निर्धारित सोपाधिकताओं के अनुरूप पायी गई हैं।

(xvii) जेएनपीटी ने यह बताने के लिए कार्गों प्रहस्त प्रभारों की अनुसूची में एक उपबंध का प्रस्ताव किया है कि निर्धारित प्रहस्तन प्रभारों में कार्गों के लदान अथवा उतरायी प्रभार (जैसा भी मामला हो) पाइपलाइनों के द्वारा वाहित किया जाना, घाट शुल्क आदि निर्धारित प्रहस्तन प्रभारों में शामिल हैं। टिप्पणी में यह भी बताया गया है कि इसमें आयात कार्गों के मामले में पोतों से कार्गों की उतरायी और ट्रकों (टैंकरों में लदान और निर्यात कार्गों की भंडार टैंक पर उतरायी, लदान स्थान तक कार्गों का अंतरण, पोतों पर लदान आदि भी शामिल है जिसे अनुमोदित किया जाता है।

(xviii) विविध प्रभार अनुसूची के अंतर्गत, एक टिप्पणी दी गई है कि विविध प्रभार पिंगिंग, कम्प्रैशर प्रभार, वाष्पीकरण प्रभार और ऐसे संबंधित प्रभार जैसी प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए है।

(xix) भावी बोलीकर्ताओं में से एक आईएससी लिमिटेड द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण की क्या बीओटी प्रचालक, ग्राहक की मांग पर, किन्ही तरल कार्गों के लिए विशिष्ट विशेष सुविधाओं जैसे तापन, प्रशीतलन, इनर्ट-गैस बलैंकेटिंग, के लिए अलग से प्रभारों की उगाही कर सकता है जेएनपीटी ने प्रत्युत्तर में आईएमसी लिमिटेड को स्पष्ट किया है कि बीओटी प्रचालक इस प्राधिकरण के विधिवत अनुमोदन के पश्चात विशिष्ट तरल कार्गों के प्रहस्तन के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने के लिए अतिरिक्त प्रभारों की उगाही कर सकता है। जेएनपीटी के अनुसार किन सेवाओं की जरूरत पड़ सकती है इसकी कल्पना नहीं की जा सकती और इसलिए, इसने कहा है कि ऐसी सेवाओं को इस प्राधिकरण की अनुमति से ऐसी सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। इस संबंध में, यहां उल्लेख करना संगत होगा कि 2013 के दिशानिर्देश बोली प्रक्रिया आरंभ करने से पूर्व प्रशुल्क अपफ्रंट निर्धारण का अनुबंध करते हैं। तत्पश्चात इनमें ग्राह्य सूचकांक कारक लागू करते हुए कथित प्रशुल्क में वर्ष-दर वर्ष वृद्धि करने का प्रावधान है। 2013 के दिशा निर्देशों में बोली पश्च परिदृश्य में नई सेवा/सुविधा के लिए किसी नए प्रशुल्क के निर्धारण का कोई प्रावधान नहीं है। स्पष्ट करने के लिए कहे जाने

पर कि क्या ऐसी कोई व्यवस्था संदर्भ प्रशुल्क निर्णारण दिशानिर्देश 2013 के उपबंधों में स्टीक बैठती है कि जिसमे संदर्भ प्रशुल्क अपफ्रंट निर्धारण की अपेक्षा की जा सके, जेएनपीटी ने बाद में आईएससीएल को स्पष्ट किया कि उनमें विनिर्दिष्ट विशिष्ट सेवाओं के विविध प्रभारों के अतिरिक्त किन्हीं तरल कार्गों के लिए तापन, प्रशीतलन, इनर्ट- गैस बलैंकेटिंग आदि के लिए अलग से किन्ही अन्य प्रभारों की उगाही नहीं की जा सकती।

इस प्राधिकरण को कथित प्रभारों की उगाही पर कोई आपत्ति नहीं है बशर्ते जेएनपीटी, बोली प्रक्रिया पूरी हो जाने के पश्चात बोलीकर्ताओं को बाद में इस प्राधिकरण को संपर्क करने के लिए सलाह देने के स्थान पर इसी स्तर पर स्वयं इस प्राधिकरण से अनुमति प्राप्त करे।

(xx) अपफ्रंट प्रशुलक दिशानिर्देश 2008 के खंड 2.8 के अनुसर प्रशुल्क सीमा मुद्रास्फीति से सूचकांकित की जायेगी, परन्तु 1 जनवरी, 2008 और प्रासंगिक वर्ष की 1 जनवरी के बीच सामने आने वाले थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) में भिन्नता के 60 प्रतशत की सीमा तक। प्रशुल्क प्रत्येक वर्ष सूचकांकित किया जायेगा और समायोजित प्रशुल्क सीमा प्रासंगिक वर्ष 1 अप्रैल से आगामी वर्ष की 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी। वर्तमान मामले में, अपफ्रंट प्रशुलक परिकलन के सुविचारित पूंजीगत लागत और प्रचालन लागत की यूनिट दर का अनुमान वर्ष 2015 का है, जैसा कि जेएनपीटी के पुष्टि की है, यह उपयुक्त पाया गया है और प्रतिवर्ष स्वत: समायेाजन के लिए आधार डब्ल्यूपीआई 1 जनवरी, 2015 निर्धारित करना प्रासंगिक होगा।

(xxi) संशोधित प्रशुल्क दिशा निर्देश 2013 का खंड 2.2 इस प्राधिकरण से अपेक्षा करता है कि वह निष्पादन मानकों के साथ संदर्भ प्रशुल्क भी निर्धारित करे। हालांकि संशोधित दिशानिर्देश 2013 इस प्राधिकरण से यह अपेक्षा नहीं करते कि यह पत्तन द्वारा प्रस्तावित निष्पादन मानकों की गहरायी में जाये, फिर भी यह मानना अनुचित नहीं होगा कि पत्तन यथाचित और प्राप्त करने योग्य निष्पादन कानकों का प्रस्ताव करे।

जेएनपीटी ने कच्चे तेल, पीओएल उत्पादों (श्वेत और श्याम) और अन्य तरल पदार्थों के निष्पादन मानक प्रस्तावित किये हैं। कार्गो, जिनके लिए निष्पादन मानक प्रस्तावित किये गए हैं, उन कार्गो मदों से मेल खाते नहीं पाए गए जिनके लिए संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची में प्रशुल्क प्रस्तावित किया गया है। (अब तक संदर्भ प्रशुल्क निर्धारण में, कार्गो मदें जिनके लिए निष्पादन मानक प्रस्तावित किया जाते हैं, उन कार्गो मदों से मेल खाते हैं जिनके लिए संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची में प्रशुल्क का प्रस्ताव किया जाता है। यह ध्यान देने योग्य है कि इसी परियोजना के संबंध में 31 दिसम्बर, 2013 के प्रशुल्क आदेश में, श्वेत और श्याम पीओएल उत्पादों के लिए ऐसे विभेदक निष्पादन मानकों का अनुमोदन नहीं किया गया था, जिसके बारे में जेएनपीटी भली भांति जानता है। यहां तक कि अब भी, और विशिष्ट अनुरोध के बावजूद भी, जेएनपीटी ने श्वेत और श्याम पीओएल उत्पादों के संबंध में विभेदक निष्पादन मानक निर्धारण करने का कोई औचित्य नहीं बताया है। औचित्य के अभाव में, कच्चे तेल, पीओएल उतपादों और अन्य तरल पदार्थों के ही निष्पादन मानक निर्धारित किया जाते हैं।

जेएनपीटी ने, कच्चे तेल के मामले में 5000 टन प्रति घंटा, श्वेत पीओएल के मामले में 1000 टन प्रति घंटा और श्याम पीओएल के मामले में 700 टन प्रति घंटा और अन्य तरल पदार्थों के मामले में 250 टन प्रति घंटा के संकेतित मानदंड निर्धारित करते हुए निष्पादन मानकों का प्रस्ताव किया है। ऊपर बताए गए कारणों की वजह से निष्पादन मानक केवल कच्चे तेल, पीओएल उत्पादों और अन्य तरल पदार्थों के संदर्भ में निर्धारित किया जाते हैं।

चूंकि अन्य तरल पदार्थों के संकेतित निष्पादन मानक, एक बर्थ पर 300 टन प्रति घाटा की उत्पादकता की तुलना में निम्न ओर है; जेएनपीटी को इस संबंध में निष्पादन मानकों की समीक्षा करने का अनुरोध किया

गया। इस संदर्भ में जेएनपीटी ने बताया है कि निष्पादन मानक आदर्श रियायत करार के अनुसार है जबकि प्रहस्तन दरें; टीएएमपी दिशानिर्देशों के अनुसर हैं।

कोचीन पत्तन न्यास की कोयला प्रहस्तन टर्मिनल के लिए संदर्भ प्रशुल्क निर्धारण के प्रस्ताव और मुम्बई पत्तन न्यास (एमबीपीटी) के बहुउद्देशीय ऑफ-शोर कार्गो टर्मिनल के संदर्भ प्रशुल्क के निर्धारण के प्रस्तावों का अनुमोदन करते समय, इस प्राधिकरण को यह पता चला था कि इन दो मामलों में संबंधित महापत्तन न्यासों द्वारा मामलों में संबंधित महापत्तन न्यासों द्वारा प्रस्तावित निष्पादन मानक अत्यधिक निम्न स्तर पर हैं।

संदर्भ प्रशुल्क दिशानिर्देश 2013 का खंड 2.5 यह अनुबंधित करता है कि महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित संदर्भ प्रशुल्क प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित संदर्भ प्रशुल्कों और निष्पादन मानकों का उल्लेख बोली दस्तावेजों में किया जायेगा और बाद में पीपीपी परियोजनाओं से संबंधित रियायत करार में भी उल्लेख किया जायेगा। कथित दिशानिर्देश के अनुसार, रियायत करार में अंतर्विष्ट स्तर पर निष्पादन मानकों को प्राप्त कर लेने पर, प्रचालक सूचकांकित संदर्भ- प्रशुल्क पर 15 प्रतिशत तक ऊर्ध्वमुखी संशोधन चाहने का पात्र है। इस प्रकार, प्रशुल्क बढ़ाने का दावा करने के लिए निष्पादन मानक प्राप्त करना 2013 के दिशानिर्देशों का आधार है। महापत्तन न्यासों के प्रस्ताव का आधार है। महापत्तन न्यासों के प्रस्ताव के आधार पर इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित निष्पादन मानक रियायत करार की अंपूर्ण अवधि के दौरान प्रचालक द्वारा उगाहे जाने वाले प्रशुल्क पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। 2013 दिशानिर्देशों में परिकल्पित निष्पादन सम्बद्ध प्रशुल्क के समुचित उपाबंध को ध्यान में रखते हुए, यह समुचित होगा कि महापत्तन न्यास विधिवत परिश्रमिता बरतें और उपयुक्त स्तर के निष्पादन मानकों का प्रस्ताव करते समय पर्याप्त ध्यान दें न कि पोतपरिवहन मंत्रालय द्वारा जारी निष्पादन मानक संबंधी आदर्श रियायत करार के परिशिष्ट-15 में दिये गए सांकेतिक मानदंडों को अपनांए। जैसा कि परिशिष्ट-15 में सुझाया गया है कि मुख्य कार्गो मदों के लिए सकल बर्थ दिवस उत्पादन से संबंधित मानदंड और साथ ही अन्य प्रमितान मात्र सांकेतिक हैं। यदि पतन न्यास द्वारा प्रस्तावित मानक निष्पादन इष्टतम क्वे क्षमता के परिकलन में सुविचारित प्रहस्तन दर से कम भी हैं तो 2013 के दिशानिर्देशों के अनुसार बीओटी प्रचालक के पास यह विकल्प होगा कि वह निष्पादन में कोई सुधार प्राप्त किया बिना रियायत करार में निर्धारित निम्न निष्पादन मानकों की उपलब्धि पर सूचकांकित संदर्भ प्रशुल्क पर 15 प्रतिशत तक प्रशुल्क संशोधन करा सके। संभवत: यह वांछित प्रयोजन प्राप्त न कर सके जिसके लिए पोतपरिवहन मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित दिशानिर्देश-2013 में प्रशुल्क बढ़ाने के लिए निष्पादन उपलब्धि से सम्बद्ध किया गया था।

उपरोक्त स्थिति को देखते हुए, पोतपरिवहन मंत्रालय को सभी महापत्तन न्यासों को यह सलाह देने का अनुरोध पहले ही कर दिया गया है कि वे समुचित और प्राप्तव्य निष्पादन मानकों का प्रस्ताव करें जो पीपीपी परियोजना में इष्टतम वे क्षमता परिकलन में सुविचारित उत्पादन (प्रहस्तन) दर से कम नहीं होने चाहिए।

तदनुसार, जेएनपीटी के वर्तमान मामले में भी, निष्पादन मानक इष्टतम क्वे क्षमता परिकलन में सुविचारित उत्पादन (प्रहस्तन) दर के आधार पर निर्धारित किया जाते हैं। इस प्रकार, निष्पादन मानक कच्चे तेल के संदर्भ में 5000 टन प्रति बर्थ प्रति घंटा, पीओएल के मामले में 1000 टन प्रति घंटा प्रति बर्थ और अन्य तरल पदार्थों के मामले में 300 टन प्रति घंटा प्रतिबर्थ निर्धारित किया जाता हैं।

संशोधित दिशानिर्देश 2013 के खंड 2.2 को मान्य रखते हुए कि निष्पादन मानकों के इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित किये जाने की अपेक्षा की जाती है इसलिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तावित निष्पादन मानकों के साथ ही सोपाधिकताओं में हमारे द्वारा थोड़ा सा संशोधन किया गया है और उन्हें संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची के साथ अधिसूचित किया जाता है।

16.1. उपर्युक्त की स्वीकार्यता की शर्त पर संदर्भ प्रशुल्क को नियंत्रित करने वाली शर्तों सहित संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची अशोधित की गई है।

16.2. आशोधित संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची **अनुलग्नक-II** तथा जेएनपीटी पर एएलबीटी के लिए हमारे द्वारा अशोधित कार्य निष्पादन मानक **अनुलग्नक-III** पर संलग्न हैं ।

16.3. परिणामत: और उपर्युक्त कारणों से तथा समग्र सोच विचार के पश्चात यह प्राधिकरण, जेएनपीटी पर एएलबीटी के लिए आशोधित संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची का अनुमोदन करता है तथा इसे कार्य निष्पादन मानकों सहित अधिसूचित करता है ।

16.4. संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देश 2013 के खंड 2.5 के अनुसार इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित संदर्भ प्रशुल्क तथा कार्य निष्पादन मानक, बोली दस्तावेज में उल्लिखित किए जाएंगे और पीपीपी परियोजनाओं के मामले में रियायत करार में उल्लिखित किए जाएंगे। तदनुसार, जेएनपीटी को, इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित संदर्भ प्रशुल्क और कार्य निष्पादन मानकों को बोली दस्तावेज और बाद में पीपीपी परियोजनाओं के मामले में रियायत करार में शामिल करने की सलाह दी जाती है।

17.1. वाणिज्यिक प्रचालन (सीओडी) के आरंभ होने की तारीख से उस वित्तीय वर्ष की 31 मार्च तक प्रशुल्क उस वर्ष के प्रासंगिक 'इंडेक्स्ड' संदर्भ प्रशुल्क तक ही सीमित होगा। यह उपर्युक्त संदर्भ प्रशुल्क प्रशुल्क दिशानिर्देश-2013 के पैरा 2.2 में प्रदत्त इन्डेक्सेशन के आधार पर स्वत: संशोधित किया जाएगा जो कि पूरी लाइसेंस अवधि के दौरान लागू रहेगा।

तथापि, लाइसेंसधारक, कार्य निष्पादन मानकों के साथ एक ऐसा प्रशुल्क ("कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क") प्रचालन के दूसरे वर्ष से आने वाले वित्तीय वर्ष की 01 अप्रैल से कम से कम 90 दिन पूर्व लगाने के लिए स्वतंत्र होगा जोकि उस प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए इंडेक्स्ड संदर्भ प्रशुल्क से अलग होगा। ऐसा कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए इन्डेक्स्ड संदर्भ प्रशुल्क के 15% (और यह प्रशुल्क सीमा होगी) से अधिक नहीं होगा। कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क आगामी वित्तीय वर्ष के प्रथम दिन से लागू हो जाएगा तथा पूरे वर्ष लागू रहेगा।

17.2. परियोजना के रियायत करार के अधीन स्वतंत्र रुप से नियुक्त अभियंता के प्रमाण पत्र सहित इस प्राधिकरण को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें , पिछले 12 माह में या प्रचालन के पहले वर्ष के वास्तविक महीनों के दौरान जैसी भी स्थिति हो, रियायत करार में शामिल कार्य निष्पादन संबंधी मानकों की उपलब्धियों का उल्लेख किया जाएगा।

17.3. प्रस्ताव प्राप्त होने के 7 दिन के अंदर यह प्राधिकरण प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2013 के पैरा 5 में उल्लिखित कार्य निष्पादन मानकों की उपलब्धियों पर महापत्तन न्यास की राय आमंत्रित करेगा।

17.4. लाइसेंस धारक द्वारा पिछले 12 माह में रियायत करार में शामिल कार्य निष्पादन मानक हांसिल न किए जाने की स्थिति में यह प्राधिकरण आगामी वर्ष के लिए कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क अधिसूचित करने के लिए प्रस्ताव पर विचार नहीं करेगा तथा लाईसेंस धारक, आगामी वित्त वर्ष के लिए केवल इंडेक्स्ड संदर्भ प्रशुल्क का पात्र होगा।

17.5. महापत्तन न्यास की राय पर विचार करने के पश्चात यदि यह प्राधिकरण पाता है कि रियायत करार में शामिल कार्य निष्पादन मानकों का परिपालन किया गया है तो यह प्राधिकरण कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क आगामी वित्त वर्ष के लिए, 15 मार्च से पूर्व अधिसूचित कर देंगे।

17.6. कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क पर विचार करते समय यह प्राधिकरण कार्य निष्पादनों तथा प्रचालक द्वारा इनके अनुपालन को जांचेगा। यह प्राधिकरण लाइसेंस धारक द्वारा कार्य निष्पादन मानकों के अनुपालन की उपलब्धियों या अन्यथा स्थिति के आधार पर कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क के प्रस्ताव को स्वीकार करने या रद्द करने के बारे में निर्णय लेगा। इंडेक्स्ड संदर्भ प्रशुल्क तथा कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क का निर्धारण प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2013 के साथ संलग्न परिशिष्ट के अनुसार किया जाएगा।

17.7. पीपीपी प्रचालक से प्रचालन के तीसरे वर्ष से प्राप्त कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क का प्रस्ताव पिछले 12 माह की कार्य निष्पादन उपलब्धियों के स्वतंत्र रुप से नियुक्त अभियंता के द्वारा सत्यापित होने पर इस प्राधिकरण द्वारा स्वत: ही अधिसूचित कर दिया जाएगा। पीपीओ अपरेटर वर्ष से कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क के लिए, स्वतंत्र अभियंता से उपलब्धियों के सत्यापन प्रमाण पत्र के साथ मार्च की पहली तारीख से प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा और यह प्राधिकरण 20 मार्च तक कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क आगामी वर्ष से लागू करने के लिए उसे अधिसूचित कर देगा।

17.9. रियायत करार पर हस्ताक्षर करने के 15 दिन के अंदर संबंधित प्रचालक, लाइसेंस करार इस प्राधिकरण को भेजेगा जो इसे अपनी वेबसाइट पर लोड करेगा।

17.10. पीपीपी प्रचालक इस प्राधिकरण को कार्गो परिवहन शिप बर्थ की दिन की आऊटपुट तथा औसतन टर्न अराउंड टाइम तथा औसतन प्रिबर्थिंग समय और प्रत्येक बर्थ के लिए लगाए गए प्रशुल्क के बारे में तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। ये तिमाही

रिपोर्ट पीपीपी प्रचालक द्वारा प्रत्येक आगामी तिमाही की समाप्ति के बाद एक माह के अंदर प्रस्तुत की जाएंगी। इस प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अपेक्षित कोई अन्य सूचना भी इस प्राधिकरण को प्रस्तुत की जाएगी।

17.11. यह प्राधिकरण पीपीपी प्रचालक से प्राप्त सभी ऐसी सूचनाएं अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। तथापि, यह प्राधिकरण वह सूचना जो वाणिज्यिक दृष्टि से संवेदनशील हो, को वेबसाइट पर प्रकाशित न करने के लिए लाइसेंस धारक के अनुरोध पर विचार करेगा। ऐसे अनुरोध डाटा/सूचना के वाणिज्यिक दृष्टि से संवेदनशील होने के विस्तृत कारणों तथा उससे राजस्व/तथा प्रकाशन से प्रचालन पर होने वाले दुष्प्रभावों के साथ किए जाने चाहिएं। इस संबंध में इस प्रधिकरण का निर्णय अंतिम निर्णय माना जाएगा।

टी.एस.बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञान-III/4/असा./143/2015(254)]

अनुलग्नक- I (क)

जवाहरलाल नेहरुपत्तन न्यास पर अतिरिक्त लिक्विड बल्क टर्मिनल के विकास के लिए संदर्भ प्रशुल्क परिकलन

रू. करोड़ में

क्रम सं.		**जेएनपीटी का 24 जुलाई 2015 का प्रस्ताव**	**प्राधिकरण द्वारा आशोधित आकलन**
I	**इष्टतम क्षमता**		
(क)	लिक्विड कार्गो का प्रतिशत भाग		
	- क्रूड आयल (एस1)	5.68%	5.68%
	- पीओएल (एस2)	46.95%	46.95%
	- अन्य लिक्विड (एस3)	47.37%	47.37%
(ख)	लिक्विड कार्गो की दैनिक प्रहस्तन दर :		
	- क्रूड आयल (पी1)	120000	120000
	- पीओएल (पी2)	24000	24000
	- अन्य लिक्विड (पी3)	7200	7200
(ग)	एक बर्थ की इष्टतम क्वे क्षमता = 0.7 * ((एस1*पी1)+(एस2*पी2)+(एस3*पी3)) * 365	**5491881**	**5491881**
(घ)	दो बर्थों की इष्टतम क्वे क्षमता = 0.7 * ((एस1*पी1)+(एस2*पी2)+(एस3*पी3)) * 365	**10983761**	**10983761**
	इष्टतम क्षमता प्रतिवर्ष	**10.98**	**10.98**
II	**पूंजी लागत**		
			रू.करोड़ों में
क.	**कार्गो प्रहस्तन सुविधा**		
(क)	**सिविल लागत**		
	अप्रोच ट्रेसल	487.95	487.95
	पैदल पथ	2.05	2.05

	अन्य लागतें (निर्माण ,नियंक्षण कक्ष, उपस्टेशन, सुरक्षा, निगरानी टॉवर, टीएलएफ संरचना इत्यादि)	11.70	11.70
	विविध लागत @ 5%	25.09	25.09
	(क)	526.79	526.79
	-		
(ख)	**<u>उपकरण लागतें</u>**		
	लोडिंग/उतरायी आर्म्स	47.54	47.54
	जेट्टी के लिए अग्नि शमन प्रणाली	11.70	11.70
	विद्यतीय कार्य	35.10	35.10
	विविध लागत @ 5%	4.72	4.72
	(ख)	99.06	99.06
	कार्गो प्रहस्तन गतिविधियों के लिए कुल पूंजी लागत	**625.85**	**625.85**
	-		
ख.	**बर्थिंग गतिविधि:**		
	सेवा प्लेटफार्म	10.07	10.07
	ब्रेस्टिंग डॉल्फिस	24.18	24.18
	मूरिंग डॉल्फिस	19.26	19.26
	ड्रेजिंग	4.42	4.42
	विविध लागत @ 5%	2.90	2.90
	बर्थिंग गतिविधि के लिए कुल पूंजी लागत	**60.83**	**60.83**
	-		
ग	**परियोजना की कुल पूंजी लागत (क+ख)**	**686.68**	**686.68**
	-		
III	**<u>प्रचालन लागत</u>** -		
क	**<u>कार्गो प्रहस्तन गतिविधि:</u>**		
	(क).विद्युत लागत	2.87	2.87
	(जेएनपीटी - 8.25 हैक्टे जल फ्रंट क्षेत्र* 240000 यूनिट प्रति हैक्टे. @ रू..14.5प्रतियूनिट) (टीएएमपी- 8.25 हैक्टे. जल फ्रंट क्षेत्र * 240000 यूनिट प्रति हैक्टे. @ रू.. @ रू..14.5 प्रति यूनिट)		
	(ख).मरम्मत और अनुरक्षण		
	- सिविल कार्य (सिविल लागत का 1%)	5.27	5.27
	- उपकरण लागत (उपकरण लागत का 2%)	1.98	1.98
	(ग). बीमा (समग्र स्थायी परिसंपत्तियों का 1%)	6.26	6.26
	(घ). मूल्यह्रास		
	-सिविल कार्य (सिविल लागत का 3.34%)	17.59	17.59
	- उपकरण लागत	9.91	9.91
	(जेएनपीटी -उपकरण लागत का 10%) (टीएएमपी - उपकरण लागत का 10%)		
	(ङ). लाइसेंस फीस		

	(जेएनपीटी - वाटर फ्रंट के लिए - 82533 वर्गमीटर. *रू.19.42 प्रति वर्गमीटर* 12 माह* 0.5) (टीएएमपी - वाटर फ्रंट के लिए - 82533 वर्गमीटर.* रू.19.42 प्रति वर्गमीटर* 12 माह*0.5)	0.96	0.96
	(च). अन्य व्यय (समग्र स्थायी परिसंपत्तियों का 1%)	6.26	6.26
	कार्गो प्रहस्तन गतिविधियों के लिए प्रचालन लागत	**51.10**	**51.10**
ख	**बर्थिंग गतिविधि:**		
	(क). मरम्मत और अनुरक्षण प्रभार (बर्थ लागत का1%)	0.56	0.56
	(ख).मूल्यह्रास (बर्थ लागत का 3.34%)	2.03	2.03
	(ग).बीमा(बर्थ लागत का 1%)	0.61	0.61
	बर्थिंग गतिविधि के लिए प्रचालन लागत	**3.20**	**3.20**
क्रम सं.	**विवरण**	**जेएनपीटी का 24 जुलाई 2015 का प्रस्ताव**	**प्राधिकरण द्वारा आशोधित आकलन**
			रू.करोड़ों में
IV	**अनुमानित राजस्व मांग और अपफ्रंट प्रशुल्क**		
(क).	**कार्गो प्रहस्तन गतिविधि:**		
(i).	**अनुमानित राजस्व मांग**		
	(क). कुल प्रचालन लागत	51.10	51.10
	(ख). नियोजित पूंजी पर प्रत्यागम @ 16%	100.14	100.14
	(ग). लिक्विड प्रहस्तन गतिविधि से कुल राजस्व मांग	**151.24**	**151.24**
(ii).	**राजस्व मांग का आनुपातिक विभाजन**		
	(क). लिक्विड प्रहस्तन प्रभार(95%)	143.67	143.67
	(ख). विविध प्रभार (5%)	7.56	7.56
	(ग).लिक्विड प्रहस्तन गतिविधि से कुल राजस्व मांग	**151.24**	**151.24**
(iii).	**लिक्विड प्रहस्तन प्रभार**		
	(क). लिक्विड प्रहस्तन प्रभार		
	- राजस्व मांग (करोड़ रूपये)	143.67	143.67
	- क्षमता (एमएमटीपीए)	10.98	10.98
	- प्रति टन प्रहस्तन दर(रू.में)		
	- क्रुड आयल	**23.43**	**23.43**
	- पीओएल	**117.15**	**117.15**
	- अन्य लिक्विड	**456.19**	**456.19**
	(ख). विविध प्रभार		
	- राजस्व मांग (करोड़ रुपये)	7.56	7.56

	- क्षमता (एमएमटीपीए)	10.98	10.98
	- विविध प्रभार (रू.प्रति टन)	**6.88**	**6.88**
ग.	**बर्थ किराया प्रभार**		
	(क) प्रचालन लागत	3.20	3.20
	(ख) नियोजित पूंजी पर प्रत्यागम @ 16%	9.73	9.73
	(ग)बर्थिंग सेवाओं से कुल राजस्व मांग	**12.93**	**12.93**
	बर्थ किराया प्रभार (दर- प्रति जीआरटी प्रति घंटा) रूपयों में विदेशी पोतें के लिए	**0.21**	**0.28**
	बर्थ किराया प्रभार (दर- प्रति जीआरटी प्रति घंटा) रूपयों में तटीय पोतें के लिए	**0.12**	**0.17**

बर्थ किराया परिकलन

क्रम	विवरण	यूनिट	बेएनपीटी का 24 जुलाई 2015 का प्रस्ताव				टीएएमपी द्वारा आशोधित आकलन			
			क्रूडआयल	पीओएल	अन्य लिक्विड	कुल	क्रूडआयल	पीओएल	अन्य लिक्विड	कुल
i	पोत दिवस आऊटपुट	टन/दिन	120000	24000	7200		120000	24000	7200	
ii.	औसत जीआरटी	टन	72000	48000	36000		72000	48000	36000	
iii.	औसत पार्सल आकार	टन	55000	13250	7077		55000	13250	7077	
iv.	प्रहस्तन किए जाने वाली टनेज या भार	टन	3484191	5757449	1742914	10984554	3482976	5757948	1742837	10983761
v.	बर्थ दिवसों की औसत संख्या (iv / i)	दिन	29	240	242	511	29	240	242	511
vi.	बर्थ घंटों की संख्या {24 x (v)}	घंटे	697	5757	5810	12264	697	5758	5809	12264
vii.	पोतों की अनुमानित संख्या (iv / iii)	संख्या	63	435	246	744	63	435	246	
viii.	प्रति पोत अनबर्थिंग समय	घंटे	6	6	5		0	0	0	
ix.	अनबर्थिंग घंटे(vii x viii)	घंटे	380	2607	1231	4219	-	-	-	0
x.	कुल घंटे (vi + ix)	घंटे	1077	8365	7041	16483	697	5,758	5,809	12264
ix.	कुल जीआरटी घंटे (ii * x)	जीआरटी घंटे	77539087	40150059	2534798	732519518	50154854	276381504	2091404	53567680
x.	राजस्व मांग	रुपये				129339651				129339651

	(परिकलन :विदेशी पोतों के लिए 64% और तटीय पोतों के लिए 36%)					(परिकलन :विदेशी पोतों के लिए 64% और तटीय पोतों के लिए 36%)					
	732519518 * 64% * x + 732519518 * 36% * 0.6x =				1293396 51	551411976 * 64% * x + 551411976 * 36% * 0.6x =					12933 9651
	468812491.7 x + 263707027 * 0.6x =				1293396 51	468810294.1 x + 263705790.4 * 0.6x =					12933 9651
	x = विदेशगामी पोत दर				**0.21**	x = विदेशगामी पोत दर					**0.28**
